* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीय
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 117

हजारीबाग में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को दी गयी अंतिम विदाई



## प्रधानमंत्री पहुंचे अमेरिका, ट्रंप के साथ होगी द्विपक्षीय बातचीत



### शुक्रवार सुबह संयुक्त प्रेस वार्ता किये जाने की उम्मीद

एजेंसी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों की यात्रा पर गुरुवार सुबह अमेरिका पहुंचे। यहां पहुंच कर प्रधानमंत्री ने सबसे पहले यूएस नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। प्रधानमंत्री अमेरिकी विदेश मंत्री माइक वाल्ट्ज, टेस्ला चीफ और भारतीय मूल के उद्योगपति विवेक रामास्वामी से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इसके बाद मोदी भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार देर राष्ट्रपति ट्रंप से मिलेंगे। दोनों के बीच करीब 45 मिनट बात होगी। द्विपक्षीय बातचीत खत्म करने के बाद मोदी और ट्रंप द्वारा संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस किये जाने की संभावना जतायी जा रही है।

### ट्रंप के साथ रात्रि भोजन करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री पीएम मोदी गुरुवार तड़के 4.30 बजे के करीब राजधानी वाशिंगटन में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर उतरे। एयरपोर्ट पर उनका रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद थे। मोदी का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी एयरपोर्ट पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने इनका अभिवादन किया। पीएम मोदी प्रेसिडेंट गेस्ट हाउस यानी आलीशान ब्लेयर हाउस में रुकेंगे। यह व्हाइट हाउस के ठीक सामने है। इस गेस्ट हाउस में वर्ल्ड लीडर ठहरते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोदी का डेलीगेशन कुल 6 बैठकों में शामिल होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बैठक के बाद मोदी राजकीय भोज में शामिल होंगे।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में गुरुवार को राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफा दिये हुए चार दिन बीत चुके हैं। राज्य में राजनीतिक हालात अनिश्चित बनी हुई है। सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से अब तक नये नेता के बारे में फैसला नहीं किया है। ऐसे में गुरुवार को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और पार्टी विधायकों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद भी गतिरोध बना हुआ है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज आयेंगी रांची

- कल बीआइटी मेसरा के हीरक जयंती समारोह में होंगी शामिल
- ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। वह शुक्रवार को राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति शनिवार 15 फरवरी को बीआइटी मेसरा में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वह दिल्ली लौट जायेंगी। राष्ट्रपति के स्वागत में राजधानी के चौक-चौराहों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। साथ ही दो दिनों के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किये गये हैं।

**19 घंटा रांची में रहेंगी राष्ट्रपति:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगभग 19 घंटे रांची में रहेंगी। वह शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे रांची पहुंचेंगी। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से वह सीधा राजभवन जायेंगी। वहां रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद दूसरे दिन यानी शनिवार को सुबह 11 बजे बीआइटी मेसरा जायेंगी। वहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 12.30 बजे वापस दिल्ली चली जायेंगी।



### ट्रैफिक रूट चार्ट जारी किया गया

रांची ट्रैफिक पुलिस की ओर से 14 फरवरी और 15 फरवरी के लिए ट्रैफिक रूट चार्ट जारी किया गया है। वहीं लोगों से अपील की गयी है कि जिन रास्तों पर राष्ट्रपति का अवागमन हो, उसका कम से कम उपयोग करें। दो दिन के लिए निर्धारित जगहों पर नो फ्लाई जोन घोषित किया गया हैं।

### तीन लेयर में होगी राष्ट्रपति की सुरक्षा

रांची पुलिस ने सुरक्षा को लेकर तमाम तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं। रांची एयरपोर्ट से लेकर बीआइटी तक लगभग तीन हजार से अधिक पुलिस के अधिकारी और जवानों की तैनाती की जायेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा तीन लेयर की होगी। इसके लिए 10 आइपीएस अधिकारी लगाये गये हैं। वहीं 20 से अधिक डीएसपी और काफी संख्या में जिला बल, स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर भी लगाये गये हैं। वहीं रांची पुलिस, रैपिड एक्शन पुलिस, जैप, इको, जिला बल की लाठी पार्टी तैनात रहेगी।

### भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रांची के ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी आदेश के अनुसार 14 फरवरी को सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। 14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश भी वर्जित किया गया है।

### विमान यात्रियों के लिए विशेष निर्देश

रांची एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने वाले सभी यात्रियों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष निर्देश जारी किये हैं। निर्देश के अनुसार, जिन्हें 14 फरवरी को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचना है और जिनका समय शाम चार से 5:30 बजे के बीच है, वे कोशिश करें कि वे दोपहर 3:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जायें। जिन्हें 15 फरवरी को हवाई यात्रा करनी है और जिनका समय दोपहर 11:00 से 1:30 बजे के बीच है, उन्हें सुबह 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंचने का निर्देश दिया गया है।


### परीक्षार्थियों के लिए भी निर्देश जारी

झारखंड में अभी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए 15 तारीख को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की प्रथम पाली के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचने का समय सुबह 9:30 बजे तक तय किया गया है। वहीं, दूसरी पाली के लिए परीक्षार्थियों को दोपहर 12:00 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया है। उधर, शब-ए-बारात की वजह से 14 फरवरी को होने वाली परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया है। अब ये परीक्षाएं चार मार्च को होंगी।

## वक्फ विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश, हंगामा

- खड़गे ने कहा, हमारी आपत्तियां हटा दी गयीं
- शाह बोले, जो चाहें जोड़ लें, मेरी पार्टी को आपत्ति नहीं





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की वक्फ (संशोधन) विधेयक पर रिपोर्ट पेश की गयी। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने असहमतियों को हटाने पर हंगामा किया। फिर सदन से वॉकआउट कर गये। राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने, तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जतायी। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को हटा दिया गया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जतायी थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं। उनकी पार्टी को इसमें कोई भी आपत्ति नहीं है।

## लोकसभा में पेश हुआ इनकम टैक्स बिल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार को लोकसभा में पेश किया गया है। 622 पन्नों वाला बिल छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को बदलेगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम 2025 कहा जायेगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है। इनकम टैक्स बिल में असेसमेंट इयर को टैक्स इयर से बदला गया है। बिल के पन्ने 823 से घटकर 622 रह गये हैं। हालांकि, चैप्टर की संख्या 23 ही है। सेक्शन 298 से बढ़ाकर 536 कर दिये गये हैं और शेड्यूल्स भी 14 से बढ़कर 16 हो गये हैं। क्रिप्टो एसेट्स को किसी भी अघोषित आय के तहत गिना जायेगा, जैसे अभी नकदी, बुलियन और जेवरात को शामिल किया जाता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,200 रु./10 ग्राम
चांदी 99,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# फिर सुलग उठी है कुरमी समाज के आंदोलन की चिंगारी

## ■ अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग पर रेल रोकने का एलान
## ■ राजनीतिक से ज्यादा सामाजिक ताने-बाने पर असर डालेगा आंदोलन
## ■ झारखंड ही नहीं, बंगाल और ओड़िशा में भी पड़ेगा आंदोलन का असर

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के सबसे बड़े और प्रभावी कुरमी समाज के लोग एक बार फिर आर-पार के मूड में हैं। इसके लिए वे 20 सितंबर से फिर रेल टेका, यानी रेल रोकों आंदोलन शुरू करेंगे। इसके तहत झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में एक सौ स्टेशनों पर रेलवे का परिचालन ठप कराया जायेगा। दरअसल यह समाज लंबे समय से अपने को अनुसूचित जानजाति में शामिल करने की मांग कर रहा है। इसके पीछे की वजह इस समुदाय के लोग बताते हैं कि वे ब्रिटिश राज में 1931 की सूची में अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल थे। 1950 तक वे अनुसूचित जनजाति के रूप में ही जाने जाते थे। लेकिन इसके बाद उन्हें इस श्रेणी से हटाकर ओबीसी में शामिल कर दिया गया। इसके अलावा वे कुरमाली भाषा को भी संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल टेका आंदोलन करेंगे। झारखंड में कुरमी समाज की घोषणा के साथ ही सियासी माहौल गरम हो गया है। झारखंड में कुरमी समाज सबसे बड़ा और ताकतवर जातीय समूह है और इसके आंदोलन का व्यापक असर पड़ने की संभावना है। वैसे भी पिछली बार का अनुभव बताता है कि इनका आंदोलन असरदार होता है। कुरमी सुमदाय की मांग का राजनीतिक असर है। चाहे भाजपा हो या आजसू या फिर चर्चित जेएलकेएम और इसके नेता जयराम महतो या फिर झामुमो, हर दल को कुरमी समाज का वोट चाहिए, इसलिए हर दल उसका समर्थन करता है। क्या है कुरमी समाज की मांग और इसका सियासी असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का सबसे बड़ा, ताकतवर और प्रभावशाली कुरमी समाज एक बार फिर आंदोलित हो उठा है। इस समाज ने 20 सितंबर से झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के एक सौ स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन शुरू करने का एलान किया है। इस समाज की मांग इसे अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने और कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की है। कुरमी समाज के इस आंदोलन ने झारखंड में नयी सियासी हलचल पैदा कर दी है, क्योंकि झारखंड की राजनीति में कुरमी समाज का अपना महत्व है। यही कारण है कि नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की सत्ता वापसी के कारणों में कुरमी आरक्षण प्रमुख रहा। कहा जा रहा है कि कुरमी आरक्षण की गूंज ने छोटानागपुर और कोल्हान इलाके में ऐसा खेल किया कि राज्य की तीन पार्टियां निपट गयीं।

### और साफ हो गयीं तीन पार्टियां

बात पहले आजसू की करते हैं। 10 सीटों पर एनडीए गठबंधन के सहारे चुनावी मैदान में उतरने वाली आजसू सिर्फ एक पर जीत हासिल कर सकी। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो खुद चुनाव हार गये। इसी तरह कुरमी बहुल गोमिया, ईचागढ़ और रामगढ़ में भी आजसू हार गयी। इस हार का कारण जयराम महतो की पार्टी रही, लेकिन नेपथ्य में कुरमी आरक्षण की मांग पर आजसू नेताओं की टालमटोल की नीति रही। इसी तरह कुरमी आरक्षण की मांग का असर भाजपा के प्रदर्शन पर भी पड़ा। बेरमो, बोकारो, कांके, गिरिडीह, टुंडी और तमाड़ सीट पर जयराम फैक्टर की वजह से भाजपा की हार हुई। वैसे जयराम महतो भले कुरमी आरक्षण के मुद्दे पर मुखर थे, लेकिन उनकी पार्टी का भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। जयराम खुद दो सीटों से चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन एक ही जीत पाये। जयराम महतो की पार्टी ने कुल 71 उम्मीदवार उतार थे, लेकिन एक-दो को छोड़कर बाकी दूसरे नंबर पर भी नहीं रहे।

### आदिवासी संगठनों की बढ़ सकती है नाराजगी

दूसरी तरफ आदिवासियों के संगठन कुरमी जाति की इस मांग पर विरोध जता रहे हैं। आदिवासी संगठनों का कहना है कि कुरमियों को एसटी का दर्जा देने की मांग आदिवासियों के अस्तित्व पर हमला है। ऐसी स्थिति में कुरमी आंदोलन से एक बार फिर आदिवासी संगठनों की भी नाराजगी बढ़ सकती है।

### अप्रैल में झारखंड-बंगाल के कई स्टेशनों पर दिया गया था धरना

सितंबर और अप्रैल 2023 में भी कुरमी संगठनों के हजारों लोगों ने लगातार पांच दिनों तक झारखंड और बंगाल में कई स्टेशनों पर धरना दिया था। इस आंदोलन की वजह से दोनों बार रेलवे को करीब ढाई सौ ट्रेनें रद्द करनी पड़ी थीं। हावड़ा-मुंबई रूट सबसे ज्यादा ज्यादा प्रभावित हुआ था। एनएच-49 भी कई



दिनों तक जाम रहा था और सैकड़ों गाड़ियां जहां की तहां फंस गयी थीं।

### झारखंड के अलावा बंगाल और ओड़िशा में भी आंदोलन

कुरमी संगठनों का दावा है कि इस बार 20 सितंबर से झारखंड के चार मनोहरपुर, नीमडीह, गोमो और मुरी, बंगाल के दो कुस्तौर और खेमाशुली और ओड़िशा के दो रायरंगपुर और बारीपदा स्टेशन पर हजारों लोग एक साथ रेल पटरियों पर डेरा डाल देंगे। इलाके से गुजरने वाले प्रमुख एनएच को भी रोक दिया जायेगा। इस बार आंदोलन अभूतपूर्व होगा। इस दौरान झारखंड की खनिज संपदा को बाहर जाने से रोका जायेगा।

### गांव-गांव से चंदा जुटाने की मुहिम चलायी गयी

इस आंदोलन में तीनों राज्यों के गांव-गांव से कुरमी जाति के लोग जुटेंगे। आंदोलन को अनिश्चितकाल तक जारी रखने की तैयारी के तहत गांव-गांव में एक मुट्ठी चावल और यथासंभव चंदा जुटाने की मुहिम चलायी गयी है।

### क्या है कुरमी आरक्षण की मांग?

बिहार, बंगाल और झारखंड में कुरमी समुदाय का सियासी वर्चस्व है। अकेले झारखंड में कुरमी जाति की आबादी 15 प्रतिशत के आसपास है। 1980 में कुरमी समुदाय के लोगों ने खुद को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग की। समुदाय का तर्क था कि पिछड़ेपन के आधार पर उन्हें यह हक मिलना चाहिए। झारखंड और बंगाल के कई हिस्सों में इसको लेकर आंदोलन हुए। उस वक्त झारखंड में विनोद बिहारी महतो कुरमी समुदाय का नेतृत्व करते थे। धीरे-धीरे कुरमी समुदाय के मुद्दों को आजसू ने उठाना शुरू किया। सुदेश महतो इसके कर्णधार बने। मुख्यमंत्री रहते अर्जुन मुंडा ने कुरमी जाति को एसटी में शामिल करने का प्रस्ताव भी पास किया, लेकिन केंद्र ने मांग उस वक्त खारिज कर दी। हाल के दिनों में जयराम महतो और उनकी पार्टी जेएलकेएम, यानी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा ने नये सिरे से इस मांग को हवा दी है। जयराम भाजपा से 1932 की खतियानी नीति और कुरमी आरक्षण को लागू करने की मांग लंबे समय से कर रहे थे। वह इसी मुद्दे के आधार पर चुनाव में भी उतरे थे।

### 1931 के पहले एसटी में शामिल होने का दावा

दरअसल झारखंड, बंगाल और ओडिशा में रहने वाले कुरमी जाति के लोगों का दावा है कि 1931 तक मुंडा, मुंडारी, संथाली आदि के साथ कुरमी भी आदिम जनजाति की सूची में शामिल था। देश आजाद होने के बाद छह सितंबर, 1950 को जब संसद में जनजातियों की सूची प्रस्तुत की गयी, तो उसमें कुरमी नहीं था। इसका लोकसभा में उपस्थित 15 सांसदों ने विरोध किया था। कुरमी समाज के नेताओं का कहना है कि एक साजिश के तहत इसे आदिवासी की सूची से हटाया गया।

### झारखंड के कुरमी अन्य राज्यों से अलग

छोटानागपुर के पठार और इसके आसपास के क्षेत्रों में आदि काल से रहते आये कुरमी बिहार और दूसरे राज्यों की कुरमी जाति से अलग हैं। कुरमी आदिवासियों की पारंपरिक सामाजिक शासन व्यवस्था से संचालित-शासित होते रहे हैं। छोटानागपुर के कुरमी बिहार के कुरमियों से अलग द्रविड़ नस्ल के आदिवासी समुदाय हैं। सर ग्रियर्सन की किताब 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया' में साफ लिखा है कि छोटानागपुर के कुरमी और बिहार के कुरमी, दोनों को अंग्रेजी में 'कुरमी' लिखा गया, लेकिन छोटानागपुर की कुरमी जाति जनजाति परंपराओं से संचालित होती है।

### ऐतिहासिक पहचान और अस्मिता का सवाल

कुरमी समाज के लोग कहते हैं कि आदिवासियत उनकी ऐतिहासिक पहचान और अस्मिता का सवाल है। वे इस पहचान को वापस लेकर रहेंगे। उनका कहना है कि अर्जुन मुंडा जब 2004 में राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने ही कुरमी जाति को आदिवासी बनाने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी, लेकिन बाद में वह अपने वादे से मुकर गये।

### लोकसभा में भी मुद्दा उठा

कुरमी को आदिवासी का दर्जा देने की मांग संसद के अलावा झारखंड और बंगाल की विधानसभाओं में भी उठायी जाती रही है।

बंगाल के सांसद अधीर रंजन चौधरी कई बार लोकसभा में यह मुद्दा रख चुके हैं। जमशेदपुर से सांसद रहे सुनील महतो, जमशेदपुर की पूर्व सांसद आभा महतो और ओड़िशा के सांसद रवींद्र कुमार जेना भी संसद में इसे लेकर समय-समय पर सवाल उठाते रहे हैं।

### आदिवासी संगठनों ने कुरमी समाज के दावे को किया खारिज

दूसरी तरफ, कुरमियों की इस मांग पर आदिवासी समाज को सख्त ऐतराज है। यूनाइटेड फोरम ऑफ ऑल आदिवासी ऑर्गेनाइजेशन (यूएफएएओ) का कहना है कि कुरमियों की यह मांग आदिवासियों की पहचान पर हमला है। कुरमी परंपरागत तौर पर हिंदू हैं और वे गलत आधार पर आदिवासी दर्जे के लिए सरकार पर दबाव बना रहे हैं। आदिवासी मानते हैं कि कुरमी समाज की नजर अब आदिवासियों की जमीन-जायदाद पर टिकी है। उनकी मंशा आदिवासियों के लिए सुरक्षित संवैधानिक पदों को हाइजैक करने की है।

---

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के सवाल के जवाब में आयुष मंत्री ने कहा

# झारखंड में रांची सहित सात जिलों में आयुष अस्पताल को दी गयी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय आयुष मंत्री से झारखंड राज्य में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने से संबंधित जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों के जवाब में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण झारखंड में आयुर्वेदिक अस्पताल खोलना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि,



राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है। तदनुसार, राज्य सरकार एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। एनएएम के तहत एसएएपी के माध्यम से झारखंड राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार आयुष मंत्रालय ने रांची, गुमला, बोकारो, देवघर, पलामू, दुमका, पूर्वी सिंहभूम में एकीकृत आयुष अस्पतालों की सात इकाइयों को मंजूरी दी है।

# झारखंड के अधिकांश जिलों में गर्मी का एहसास

**रांची (आजाद सिपाही)।** फरवरी माह में झारखंड के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक झारखंड में तापमान में 3 से 4 डिग्री और वृद्धि हो सकती है। सरायकेला में तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो कि इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन था। वहीं रांची में गुरुवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालय में बर्फबारी नहीं हो रही है और पश्चिमी विक्षोम भी कमजोर हो चुका हैं। इसलिए झारखंड के आसपास कोई महत्वपूर्ण मौसमी परिवर्तन भी नहीं हहोगा। इस कारण से तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आयेगा और अगले कुछ दिनों तक हल्की गर्मी और रात में ठंडी हवाओं का सिलसिला जारी रहेगा। 14 फरवरी को भी मौसम शुष्क रहेगा। सुबह में हल्की धुंध के साथ दिनभर मौसम साफ और शुष्क रहने की संभावना हैं।

---

# मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष ने पीएम को लिखा पत्र

दी ओबीसी सर्वेक्षण में अनियमितताओं की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ओबीसी सर्वेक्षण के अनियमितताएं को लेकर मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को पत्र लिखा है। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने पत्र के माध्यम से झारखंड में पिछड़ी जातियों कि जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने में हो रही अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के संबंध में जानकारी देना चाहता हूं। यह मामला बहुत ही गंभीर है और पिछड़ी जातियों के अधिकारों के हनन का प्रयास है। रघुवर दास की सरकार में प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 2/1/2019 पिछड़ा वर्गों कि जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने के लिए एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें सभी जिलों को पिछड़ा वर्गों की जनसंख्या आंकडा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया था। नगर निकाय



चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने को लेकर ट्रिपल टेस्ट फोन के माध्यम से वोटर लिस्ट में टाइटल के आधार पर पिछड़ी जातियों कि जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित की जा रही है, जो कि पूरी तरह से गलत और अनियमित है। यह पिछड़ी जातियों को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास है। पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि इस मामले में आपके द्वारा हस्तक्षेप किया जाये और झारखंड सरकार के प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में सभी उपायुक्तों के माध्यम से ईमानदारी पूर्वक पिछड़ी जातियों की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन मांगा जाये। उन्होंने विश्वास जताया है कि पिछड़ी जातियों के साथ कोई धोखाधड़ी संभव नहीं की जायेगी।

---

# गिरिडीह सांसद ने की केंद्रीय कोयला मंत्री से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान बीसीसीएल के अंतर्गत गोविंदपुर क्षेत्र के खरखरी कोयला खनन परियोजना में हुई खूनी संघर्ष, गोली कांड, बमबारी एवं चोरी के कोयला की बरामदगी की ओर आकृष्ट कराया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस घटना पर कोल इंडिया द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं किये जाने की भी जानकारी दी और इसका गंभीरता के साथ संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया कि खरखरी कोयला खनन परियोजना को पुनः प्रारंभ करने के लिए हिलटॉप हाईरिंग को कार्य करने की एलओए निर्गत करने के पूर्व विधि द्वारा स्थापित नियमों, सर्वोच्च न्यायालय व ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिये गये पर्यावरण के मानकों का अनुपालन जहां नहीं किया गया है।



### विस्थापित परिवारों को न्याय और अधिकार दिलाने को बने पूर्ण कालिक न्यायाधिकरण

गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी से कोयला परियोजना से हुए विस्थापित परिवारों को न्याय व अधिकार दिलाने की दिशा में पूर्ण कालिक न्यायाधिकरण बनाने की मांग की है। उन्होंने कोयला मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड में कोयला परियोजना से विस्थापित परिवार को न्याय दिलाने के लिए 15 मार्च 24 को कोयला मंत्रालय द्वारा आदेश जारी किया गया है। यह आदेश झारखंड के सात कोयला प्रचुरता प्रभावित जिलों में अंशकालिक जिला स्तरीय न्यायाधिकरण की स्थापना को लेकर है। मगर अब तक न्यायाधिकरण क्रियाशील नहीं है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि पूर्णकालिक न्यायाधिकरण के गठन से कोयला क्षेत्र में बहुत बड़ा सुधार होगा। सभी कोयला प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास व पुनर्स्थापना योजना सही ढंग से लागू हो सकेगी।

वहीं परियोजना से प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार अथवा कोल इंडिया के पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थान, भूमि-अर्जन एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी की गयी।





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 15.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.23 बजे |



# नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दें: मुख्य सचिव

**रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा।

उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पावर कमेटी की बैठक में समीक्षा कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है।

बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है।

समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गयी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न हाई पावर कमेटी की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्धीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।


# प्रेमी से मिलना नहीं छोड़ा तो कर दी हत्या, पिता-दो भाई गिरफ्तार

**10 दिन घर में रखी लड़की की लाश**

**सिर और हाथ काट बालू में छिपाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा में बुधवार को बालू में दबी मिली लड़की की लाश की पहचान कर ली गयी है। शव मरकच्चो थाना क्षेत्र की रहने वाली निभा पांडेय की थी। पुलिस ने निभा की हत्या के आरोप में उसके पिता मदन पांडेय और दो भाई नीतीश पांडेय एवं ज्योतिष पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। ज्योतिष पांडेय ने 2 फरवरी को लड़की की गला दबा कर हत्या कर दी थी। मदन पांडेय और नीतीश पांडेय ने साक्ष्य छिपाने में आरोपी की मदद की। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लड़की का अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक से अफेयर था, जो परिजनों को पसंद नहीं था। पिता और भाइयों ने लड़की को कई बार प्रेमी से दूर रहने की बात कही, पर वो नहीं मानी। इसी वजह से लड़की की हत्या कर दी। 10 दिनों तक शव को घर में एक गड्ढ़े में रखा। जब दुर्गंध आने लगी, तो सिर और हाथ काट शव को बोरी में भर कर नदी किनारे बालू में छिपा दिया।



### इस बार इंटर बोर्ड की परीक्षा देनी थी

मदन पांडेय की एक बेटी निभा और दो बेटे नीतीश पांडेय और ज्योतिष पांडेय हैं। निभा 12वीं की छात्रा थी और इस बार वह इंटर की बोर्ड परीक्षा देती। निभा का अपने पड़ोस रहने वाले एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजन इसका हमेशा विरोध करते थे, पर निभा ने अपने प्रेमी का साथ नहीं छोड़ा।

**शव को घर में ही एक गड्ढ़े दफना दिया :** एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि इसी बीच दो फरवरी को निभा के छोटे भाई ज्योतिष पांडेय उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। पिता और बड़े भाई ने शव को घर में ही एक गड्ढ़े दफना दिया। 10 दिन बाद जब शव से दुर्गंध आने लगी, तो आरोपियों ने शव को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मदन पांडेय ने सिर और हाथ काट कर जूट की बोरी में शव को बंद किया। मृतका के पिता और दोनों भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका के सिर की तलाश की जा रही है।

### पिता ने निभा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी

पिता और भाई ने निभा के शव को बोरी में भर कर साइकिल पर रखा और घर से करीब 500 मीटर की दूर पंचखेरों नदी के किनारे बालू में छिपा दिया। पुलिस को चकमा देने के लिए मदन पांडेय ने थाना में निभा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस जांच में जुटी तो निभा का आखिरी लोकेशन उसके घर पर ही मिला। इससे पुलिस का परिजनों पर ही शक जा रहा था। इसी बीच निभा की सिर कटी लाश 12 फरवरी को नदी किनारे बालू से दबी मिली। पुलिस का शक और गहरा गया। पुलिस ने निभा के पिता और दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

**कर्क** आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिए किया जायेगा।

**धनु** विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के उच्चस्तरीय लोगों से आप संबंध बनाने की चेष्टा करें। उनसे चल रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता और आवश्यक कार्यों के संपादन में आपकी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा,लेकिन नुकसान नहीं होगा।

# देवघर में प्रधानाध्यापक की बम से मार कर हत्या जमीन विवाद में घटना को अंजाम देने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर के मधुपुर थाना क्षेत्र के पिपरासोल में गुरुवार को अपराधियों ने महुआडाबर मध्य विद्यालय मधुपुर के प्रधानाध्यापक की बम से मार कर हत्या कर दी। वह झारखंड स्टेट प्राइमरी शिक्षक संघ दुमका के प्रमंडलीय उप महासचिव थे। घटना गुरुवार सुबह 9 बज कर 10 मिनट की है। परिजन घटना की वजह जमीन विवाद होने की आशंका जता रहे हैं।



**एमडीएम का सामान लाने जा रहे थे, तभी हुई हत्या :** जानकारी के मुताबिक प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास सुबह 9 बज कर 10 मिनट पर अपने विद्यालय से एमडीएम का कुछ सामान लाने अपनी स्कूटी से भेड़वा नवाडीह की ओर जा रहे थे। विद्यालय से 100 मीटर दूरी पर पहले से घात लगा कर बैठे दो अज्ञात अपराधियों ने अचानक उन पर बम से हमला कर दिया। अपराधियों ने एक के बाद एक दो बम उनके ऊपर फेंक दिया, जिससे उनका चेहरा क्षत विक्षत हो गया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी।

**वारदात को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग निकले आरोपी :** बम का धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाका दहल उठा। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी पैदल ही भाग निकले। सूचना मिलने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग वहां जमा हो गये। तकरीबन आधे घंटे बाद एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, इंस्पेक्टर इंचार्ज त्रिलोचन तामसोई घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

### पत्नी रह चुकी है जिला परिषद सदस्य

बता दें कि मृत शिक्षक की पत्नी उषा रानी दास पूर्व में देवघर के मधुपुर से जिला परिषद सदस्य रह चुकी है। फिलहाल वह भी महुआडाबर विद्यालय में ही शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। हत्या किन कारणों से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# हजारीबाग में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को दी गयी अंतिम विदाई

**पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, पिता ने दी मुखाग्नि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में जम्मू कश्मीर में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को अंतिम विदाई दी गयी। इस मौके पर पूरा शहर गमगीन दिखा। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा की। जब तक सूरज चांद रहेगा करमजीत सिंह बक्शी तेरा नाम रहेगा, नारा गूंज रहा था। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कैप्टन की अंतिम सम्मान यात्रा के दौरान शहर के प्रतिष्ठान बंद रहे। रास्ते में जगह-जगह उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। अंतिम यात्रा निर्धारित रास्ते से होते हुए मुक्तिधाम पहुंची, जहां शहीद को सेना के जवानों और पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। उसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पिता ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सिख समाज से बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार के दौरान लोग मुक्तिधाम में उपस्थित रहे। सिख समाज के गुरु सिंह सभा के सचिव देवेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि शहीद हमेशा दिलों में जिंदा रहते हैं। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि मां ने एक बेटा को खोया खोया है। उनके साथ पूरे देश भर के पूर्व सैनिक हमेशा खड़े हैं।

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास मंगलवार को हुए आइइडी धमाके में सेना के एक कैप्टन समेत दो जवान शहीद हो गये थे। उनमें शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत भी थे। करमजीत हजारीबाग के जुलू पार्क के रहने वाले थे। वे अजिनदर सिंह बक्शी और नीलू बक्शी के इकलौते पुत्र थे।

# शहरों का जीवन स्तर विकसित करने की सभी बुनियादी सुविधाएं बढ़ायें : सुनील कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

- व्यवस्थित नगरीय विकास के लिए पीएमएवाइ के तहत कालोनी विकसित किया जाये
- सालिड वेस्ट मैनेजमेंट और सिवरेज के लिए लंबित निविदा का निष्पादन शीघ्र करायें
- पाइप बिछाने से पहले डब्ल्यूटीपी और इंटेकवेल पहले बनाये जाये
- क्षेत्र आधारित विकास कार्यों के लिए स्थल का चयन कर विभाग को सूची भेजा जाये
- हरहाल में मार्च तक योजना मद की राशि जरूर खर्च किया जाये



**रांची।** शहरों का सुंदरीकरण एवं गरिमा बढाने की जवाबदेही नगर निकायों की है। इसके लिए शहरों मे रह रहे लोगों का जीवन स्तर गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए बुनियादी सुविधाएं बढायीं जायें। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नगर निकायों के योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया। गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार मे समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

प्रधान सचिव श्री कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति की समीक्षा की। उनहोंने कहा कि शहरों की गरिमा बढाने एवं सुव्यवस्थित नगरीकरण लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाकर उपलब्ध कराया जाये। यही नहीं शहरों के जीवन स्तर को विकसित करने के लिए नागरिकों को हर बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायीं जायें। प्रधान सचिव ने इस योजना में 70 प्रतिशत से कम काम कराने वाली नगर निकायों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मार्च के अंत तक काम के प्रतिशत को बढाया जाये। साथ ही सभी योजनाओं के लिए आवंटित राशि मार्च तक खर्च की दी जाये। किसी भी हाल में राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

सुनील कुमार ने कहा कि राज्य और शहरों का सम्मान वहां उपलब्ध आधारभूत संरचना और बुनियादी सुविधाओं से ही होता है। इसलिए क्षेत्र आधारित विकास के लिए भूमि और स्थान का चयन कर योजनाएं बनायीं जाये। इसमें संबंधित उपायुक्तों से समन्वय बना कर काम किया जाये। प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के तहत बिजली और पानी जरूर उपलब्ध कराने का प्रावधान होना चाहिए।

प्रधान सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निविदा निष्पादन के काम को लटकाया नहीं जाये। जो कंसेसनायर, कंसल्टेंट और एजेंसी काम में हीलाहवाली करते हों, उन्हें नोटिस देकर टर्मिनेट करने की कार्रवाई की जाये। श्री कुमार ने कहा कि छोटी परियोजनाओं के लिए कंसलटेंट और एजेंसियों का पैनल बना कर कार्य कराया, जिससे कोई कार्य लटके नहीं।

उन्होंने सिवरेज, सेप्टेज और जलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सिवरेज सिस्टम उत्कृष्ट नगरीय व्यवस्था का प्रमुख पहलू है। इसलिए जमीन और अन्य तकनीकी अनुपलब्धता का बहाना नहीं बनाया जाये। 15 दिनों के भीतर सिवरेज और सेप्टेज से संबंधित योजनाओं का डीपीआर बना कर कार्य आवंटित किया जाये। प्रधान सचिव ने जलापूर्ति योजनाओं के तहत पाइप बिछाने से पहले जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बनवा लिया जाये।

उन्होंने कहा कि शहरों मे स्थित या नये बनने वाले शेल्टर होम को आकर्षक ढंग से रखा जाये, जिससे लोग वहां ठहरने में झिझके नहीं। बिजली पानी और फर्नीचर सुदृढ़ होना चाहिए। प्रधान सचिव ने कहा कि स्वरोजगार के लिए लाभुकों को उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करायी जाये, ताकि बड़े पैमाने पर जरूरतमंद अपना व्यवसाय बढ़ा सकें। इसके लिए सिटी मिशन मैनेजरों को जवाबदेही दी जाये।

बैठक मे सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, रांची नगर निगम क प्रशासक संदीप कुमार, डीएमए डायरेक्टर सत्येंद्र कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक दूबे, ओएसडी विजय कुमार, जुडको के पीडीटी, गोपाल, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शब-ए-बारात के मौके पर सरकारी छुट्टी की घोषणा अधिसूचना जारी की गयी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने शुक्रवार शब-ए-बारात के मौके पर सरकारी छुट्टी की घोषणा कर दी है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि कार्मिक प्रशासनिक और राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या 6776 दिनांक 14.10.2024 द्वारा वर्ष 2025 में विभिन्न पर्व अवसरों पर राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालय में अवकाश घोषित किया गया है। अवकाश की अधिसूचना सरकार के संयुक्त सचिव आरिफ हसन के हस्ताक्षर से जारी की गयी है। बता दें कि इससे पहले स्कूल और साक्षरता विभाग ने भी साल 2025 की अवकाश तालिका जारी कर दी है। पहले एकीकृत वार्षिक अवकाश तालिका 24 दिसंबर को जारी की गयी थी। उसमें आंशिक संशोधन किया गया। इसके मुताबिक अब गर्मी की छुट्टी 22 मई से चार जून तक होगी। जबकि इससे पहले गर्मी की छुट्टी 22 मई से दो जून तक निर्धारित थी। यह अवकाश तालिका सभी विद्यालयों के लिए है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालय हो या फिर मध्य विद्यालय या प्लस टू स्कूल। बता दें कि इस साल में 62 छुट्टियां स्कूलों के लिए निर्धारित की गयी है। इन आदेशों को स्कूलों को हर हाल में पालन करना अनिवार्य है। इससे पहले कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां कई स्कूलों ने सरकार के आदेशों का पालन नहीं किया था। कई बार देखने को मिला कि कई बार बच्चों के स्कूल समय से पहले ही बंद कर दिये गये हैं या फिर समय से पहले बुला लिये गये। मामला सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय का था।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की होगी जांच

**वित्त मंत्री की शिकायत के बाद राज्यपाल ने जांच समिति की किया गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में भेंट की। उन्होने राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने प्रश्नगत भवन निम्न स्तर की होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने एवं दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। व्यापक कमियों के बावजूद भवन विश्वविद्यालय के स्तर से हस्तगत कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदनीनगर (पलामू) के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच हेतु राज्यपाल से आग्रह किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है। यह समिति दिनांक 17 और 18 फरवरी को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए उक्त भवन के जल्दबाजी में हस्तगत करने की भी जांच कर अपना प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

# आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की और जनजातीय भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए कई मांगें रखीं। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के संज्ञान में लाया कि जनजातीय भाषा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के लिए रांची विश्वविद्यालयों में 1974 से ही पठन-पाठन प्रारंभ की गयी थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण उरांव, कुड़ुख, संथाली, मुंडारी, हो, खड़िया भाषा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महाविद्यालयों में जनजातीय भाषा विभागों के लिए उचित क्लास रूम, लाइब्रेरी, म्यूजियम और धुमकुड़िया की व्यवस्था की जाये। जनजातीय भाषा विभागों में शिक्षकों एवं गैर शिक्षकों की नियुक्ति की जाये। झारखंड सरकार द्वारा घोषित 26 प्रतिशत आरक्षण रोस्टर के आधार पर अनुसूचित जनजाति को विश्वविद्यालयों में विभिन्न पदों पर बहाल किया जाये। जनजातीय भाषा के सिलेबस में उनके भाषा लिपी का एक पेपर अनिवार्य रूप से लागू किया जाये। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से लेने और उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजू कु उरांव और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अध्यक्ष विवेक तिर्की शामिल थे।

## कांवर पदयात्रा को लेकर कोडरमा जिला में अवकाश की मांग



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्री राम संकीर्तन मंडल ने आगामी 4 अगस्त 2025 को कांवर पदयात्रा में कोडरमा जिला में राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित करने की मांग की है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव को मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव अरविंद चौधरी और संरक्षक मनोज साहू ने उनके कार्यालय सभागार में एक ज्ञापन सौंपा। इन्होंने विधायक से फरवरी और मार्च में बजट सत्र के शून्य काल में आगामी 4 अगस्त 2025 अंतिम सोमवारी के दिन झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक निकलने वाली कावर पद यात्रा के दिन जिला में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों मे छुट्टी घोषित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि हजारीबाग व गिरिडीह में रामनवमी की दो दो दिनों की छुट्टी होती है जबकि सरकार देश भर में रामनवमी में एक दिन का अवकाश देती है। झारखंड सरकार को कोडरमा में कांवर पदयात्रा के दिन एक दिन अवकाश घोषित करना चाहिए जिससे भक्तों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। इस दिन सड़कों पर 8 घंटे यातायात भी प्रभावित हो जाती है। मंडल के पदाधिकारियों ने इटखोरी व रजरप्पा महोत्सव के तर्ज पर ध्वजाधारी महोत्सव आयोजित करने की अपील की जिससे कलाकारों को सुनने का लाभ मिल सकेगा। विधायक ने आश्वत किया कि विधानसभा मे शून्यकाल में प्रश्न को रखेंगी और 4 अगस्त को कोडरमा जिला में अवकाश की मांग उठायी जायेगी। साथ ही विधायक ने बताया कि 10 लाख की राशि ध्वजाधारी महोत्सव के लिए प्राप्त है। उनकी कोशिश होगी कि ध्वजाधारी महोत्सव का आयोजन हो जिससे इसकी महत्ता बढ़े और देश स्तर पर ध्वजाधारी धाम को लोग जानें।

## स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय महिला दिवस पर कोकिल के जन्मदिवस के अवसर पर धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल राहुल घोष ने बताया की भारत में हर साल 13 फरवरी को नेशनल वुमन्स डे (राष्ट्रीय महिला दिवस) के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत की महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को समर्पित है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक उपलब्धियों को सराहना और उन्हें समानता और सम्मान दिलाने के लिए जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के अध्यक्ष रामलखन सिंह ने अपने संदेश में कहा की नेशनल वुमन्स डे का इतिहास भारत की एक महान महिला नेता और स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू से जुड़ा हुआ है। विद्यालय की निदेशक संपा सिंह ने कहा कि नेशनल वुमन्स डे का उद्देश्य केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सराहना ही नहीं है, बल्कि यह दिन समाज में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और असमानताओं को भी उजागर करता है। कक्षा पांच की रिधिमा सिंह ने सरोजिनी नायडू के जीवन के बारे में कुछ रोचक तथ्य बताये। अनुप्रिया सिंह, प्रगति राठौड़ ने उनकी कविता प्रस्तुत की। विद्यालय में एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लास छह को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, व्यवस्थापक सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के बच्चों ने इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड और नेशनल एस्ट्रोनॉमी साइंस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल्स जीतकर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में सभी गोल्ड मेडल्स जीतने वाले बच्चों को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इंटरनेशनल इंग्लिश और जनरल नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन अक्टूबर और नेशनल एस्ट्रोनॉमी साइंस ओलंपियाड का आयोजन सितंबर महीने में हुआ था। इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में चौथी कक्षा के तन्मय सिंह ने इंटरनेशनल रैंक 68, जोनल रैंक 20, स्कूल रैंक वन गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन का अवार्ड प्राप्त किया। दूसरी कक्षा की अनाया तहरीन ने इंटरनेशनल रैंक 1979, जोनल रैंक 322, स्कूल रैंक 1 गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस, आठवीं कक्षा की न्यूशा ने इंटरनेशनल रैंक 3162, जोनल रैंक 433, स्कूल रैंक वन, गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस, नवीं कक्षा की अरात्रिका सिन्हा ने इंटरनेशनल रैंक 1844, जोनल रैंक 121 स्कूल रैंक वन गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता। नेशनल एस्ट्रोनॉमी साइंस ओलंपियाड में विद्यालय की वर्ग सातवीं की प्रियांशी सिन्हा ने नेशनल रैंक 2989, स्टेट रैंक 563, स्कूल रैंक 1 गोल्ड मेडल, आठवीं कक्षा के आयुष राज ने नेशनल रैंक 1142, स्टेट रैंक 342, स्कूल रैंक 1 गोल्ड मेडल जीत कर दूसरे स्तर की होने वाली परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया। इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड में चौथी कक्षा के तन्मय सिंह ने इंटरनेशनल रैंक 170, जोनल रैंक 24, स्कूल रैंक 1 गोल्ड मेडल और पांचवी कक्षा की संजना कुमारी ने इंटरनेशनल रैंक 1969, जोनल रैंक 161, स्कूल रैंक वन गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीतकर विद्यालय में अपनी पहचान बनायी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अभिभावकों और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले बच्चों की बौद्धिक प्रतिभा को देख कर प्राचार्य ने उनकी प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने इंटरनेशनल ओलंपियाड के को-ऑर्डिनेटर विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार सिंह, बच्चों का दिशा निर्देश करने वाले वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह और दिनेश कुमार दुबे को बच्चों की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की तरफ से दिये गये प्रोत्साहन सर्टिफिकेट को प्रदान किया।

## चलकुशा में मोटेशन को लेकर लगा शिविर



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** अंचल मुख्यालय परिसर में अंचल अधिकारी अमृता सिंह के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोटेशन संबंधित कुल 94 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 25 आवेदन का निष्पादन किया गया। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन उदीन, मुकेश रंजन, कौलेशवर यादव, पंकज कुमार, दीपक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# कटकमदाग थाना नहीं लेता है एफआइआर, करा देता है समझौता

**नवविवाहिता बसंती कुमारी पर हुआ है जानलेवा हमला**

**दस लाख और बोलेरो गाड़ी की मांग कर रहे हैं ससुरार वाले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र की रहनेवाली बसंती कुमारी न्याय के लिए भटक रही है। ससुरारवालों ने उस पर जानलेवा हमला किया है। तेज हथियार से उस पर प्रहार किया गया, जिससे उसका जबड़ा कट गया है। हजारीबाग के सदर अस्पताल में उसका इलाज किया गया। पति छोटेलाल, ससुरार वाले राजेश साव, रेखा देवी, कपूरिया देवी, तेजन साव सहित अन्य लोगों के खिलाफ जब वह एफआइआर दर्ज कराने कटकमदाग थाना गयी, तो उसे भगा दिया गया। आरोप है कि ससुरारवाले उसके मायके से दस लाख रुपये नगद और एक बोलेरो गाड़ी लाने की मांग कर रहे हैं। बसंती की शादी वर्ष 2022 में छोटेलाल के साथ हुई थी। उस समय पांच लाख रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल और सोने के जेवरात उसके पिता ने दिये थे। शादी के कुछ दिन बाद से ही उस पर और पैसा लाने के लिए दबाव डाला गया। उसके साथ मारपीट भी शुरू कर दी गयी। 14 दिसंबर 2024 को वह कटकमदाग थाना जाकर जब ससुरारवालों के खिलाफ शिकायत की। कटकमदाग पुलिस ने कोई कार्रवाई किये गये वगैर समझौता कर दिया। अब फिर चार फरवरी को बसंती देवी पर जानलेवा हमला हुआ है। जब वह इसकी सूचना देने कटकमदाग थाना पहुंची, तो उसे भगा दिया गया।

## एनटीपीसी की सीबी परियोजना को मिला सर्वश्रेष्ठ कोयला खदान का पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना को भारतीय पावर स्टेशन्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ कोयला खनन (विकासात्मक) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोयला खनन माइन डेवलपमेंट का मतलब खनिज संसाधनों की सुरक्षित और प्रभावी तरीके से खनन के लिए खदानों का निर्माण और उनकी तैयारी करना है। इसमें खदान की संरचना, खनिजों की खोजना, खदान की मार्गदर्शिका और सुरक्षा मानकों का पालन करना शामिल है ताकि उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके। यह पुरस्कार परियोजना की उत्कृष्टता, नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है। परियोजना ने न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि की बल्कि कोयला खनन के कार्यों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इस पुरस्कार से क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और विकासात्मक योगदान को सराहा गया है।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी 13 से 15 फरवरी 2025 तक रायपुर में भारतीय पावर स्टेशन्स ओ एंड एम सम्मेलन आयोजित कर रही है। यह वार्षिक सम्मेलन एनटीपीसी के पहले थर्मल पावर यूनिट की 1982 में सिंगरौली में कमीशनिंग की ऐतिहासिक घटना को समर्पित है जिसने पावर क्षेत्र में दशकों तक उत्कृष्टता की नींव रखी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मनोहर लाल केंद्रीय ऊर्जा और आवास और शहरी मामलों के मंत्री द्वारा किया गया और इसमें ऊर्जा मंत्रालय और पावर सेक्टर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित होंगे।

## लगान रसीद निर्गत शिविर का आयोजन

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)। सरकार के निर्देशन और हजारीबाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के सभी अंचल में भूमि संबंधित निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 दिन से अधिक बिना आपत्ति के लंबित 36 मामलों का निष्पादन करते हुए कुल स्वीकृत 61 वादों की स्वीकृति दी गयी। साथ ही 108 रुपया 20 पैसा का लगान वसूली की गयी। शिविर को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा की सरकार के निर्देशन और जिला प्रशासन के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

## आंदोलनकारियों ने एनटीपीसी के 2016 कट ऑफ डेट को लेकर किया प्रेस कांफ्रेंस



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** युवा विस्थापित मोर्चा द्वारा बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में एनटीपीसी की 2016 के कट ऑफ डेट को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में विस्थापित मोर्चा के सदस्य अमित कुमार गुप्ता, प्यारेलाल और अन्य साथियों के द्वारा कहा गया कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के तहत विस्थापन हेतु 2016 का कट ऑफ डेट निर्धारित किया गया है। अर्थात 2016 में जिस व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष हुआ है विस्थापन का लाभ उसी को दिया जायेगा। क्योंकि हम सभी 2025 में विस्थापित हो रहे हैं, तो हम सभी 2016 के आधार पर कट ऑफ डेट को किसी कीमत पर नहीं मानेंगे विस्थापन के वर्तमान तिथि के अनुसार कट ऑफ डेट मान्य होना चाहिए। उपायुक्त से मांग करते हैं कि ग्रामीणों को त्रिपक्षीय वार्ता में शामिल कर इस गंभीर समस्या को दूर कराने का प्रयास करें, ताकि विस्थापित हो रहे युवाओं को इसका लाभ मिल सके। अन्यथा हम ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर अमित कुमार गुप्ता, प्यारेलाल कुमार, हेमराज कुमार, सुजीत कुमार, सरोज कुमार, सुमित कुमार, सुभाष कुमार, राजू कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद थे।

## सकरेज में संत रविदास की जयंती मनी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सकरेज में संत रैदास जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर अंबेडकर रविदास समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा और बच्चे बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य महादेव राम, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, शिक्षक यमुना प्रसाद, समाजसेवी हरिलाल मंडल और जीतू मांझी शामिल हुए। सभी लोगों ने संत शिरोमणि गुरु रैदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने का संकल्प लिए। जीप सदस्य महादेव राम ने कहा संत रैदास जी ने समाज को समानता एकता और परिश्रम का संदेश दिया था जो आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर भीम आर्मी अध्यक्ष प्रमोद रविदास, रविदास समाज अध्यक्ष बासुदेव दास, सचिव विजय दास, राजु दास, अनिल दास, विनोद दास, रोहित कुमार, आकाश कुमार, मुन्ना दास रौशन कुमार, जानकी दास, नन्कु दास, अरुण दास रामदेव दास, रामु दास, किशोरी दास, नारायण दास, सुरेश दास, संदीप दास, कुलदीप दास, मनोज दास, मुकेश दास, नागेश्वर दास, महेन्द्र दास, प्रभु दास, बैजंती देवी, शारदा देवी, निशा देवी, सोनामति देवी, बबिता देवी, सुमन रवि, शारदा देवी, गयत्री देवी, पुनम देवी, सबिता देवी, अनीता देवी, सुषमा देवी, मधु देवी, यशोदा देवी सुनीता देवी, बेबी देवी समेत सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आदर्श विद्या मंदिर के छात्रों को विदाई दी गयी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के की तिलोकरी आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में वर्ग अष्टम नवम के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा विदाई समारोह में फाइल, कलम, डायरी देकर विदाई दी गयी। प्राचार्य नीलकंठ बर्णवाल ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा शांतिपूर्वक सौहार्द वातावरण में परीक्षा लिखे परिवार और समाज का आप लोगों पर बड़ी जिम्मेवारी है। मौके पर उप प्राचार्य शंभू पांडेय, शिक्षक राम लखन यादव, विकास पांडेय, विजय पासवान, शिवपूजन दास, रामकृष्ण शर्मा, मुकेश शर्मा, सीताराम यादव, राजकुमार यादव, सुनील यादव, संदीप मोदी, अंजू देवी, गायत्री देवी, संतोषी देवी, कैलाश राणा सहित कई शिक्षक शिक्षकाएं और छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक



**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी और संचालन सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। 15 फरवरी को गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के 80वीं जंयती मनाने की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी पंचायतों से भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रमुख रूप से रकीब अंसारी, डालेश्वर यादव, अनंतलाल महतो, बाबू चंद मांझी,सुनील सिंह, विष्णुधारी यादव, गांगो महतो, सुनिल राणा, द्वारिका महतो, जागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

# शहनाज अख्तर के भजनों पर झूमा बरकट्ठा

**तुइयो महायज्ञ में पहुंची भजन गायिका**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के तुईयो गांव में आयोजित 9 दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ संपन्न हुआ। बुधवार की रात देश की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भक्ति जागरण का शुभारंभ उप प्रमुख सुरजी देवी, संयोजक आईपी भारती, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, चलकुशा थाना प्रभारी चितरंजन कुमार, मुखिया शंकर रविदास, राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम को देखने आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। अपने अंदाज में देवी भजनों और श्री राम जी के भजनों की झड़ी लगा दी रात भर लोग भक्ति गीतों का आनंद लेते रहे वही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर भजन मंडली का उत्साह चरम पर रहा भजन गायिका के प्रसिद्ध भगवा रंग पर महिला पुरूष बच्चे सभी झूमने को विवश हो गये। इस मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष उत्तिम महतों, बसंत साव, बिरेंद्र राणा, नंदकिशोर कुमार, फलजीत राणा, बिनोद भगत, कामेश्वर प्रसाद, रामू राम, बिरेंद्र राणा, संदीप कुमार, नारायण प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, भीखलाल राणा समेत अन्य लोग शामिल थे।

## अमनारी निवासी धीरज कुमार ने 99.23 प्रतिशत लाकर जेइइ मेंस में पायी सफलता



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी निवासी हरि प्रसाद और रिंकी देवी के पुत्र धीरज कुमार वर्मा ने जेइइ मेंस परीक्षा में 99.23 प्रतिशत लाकर अपने गांव समेत विद्यालय का नाम रौशन किया। धीरज मैट्रिक की परीक्षा टाटीझरिया के नेशनल पब्लिक स्कूल से उतीर्ण हुआ। जेइइ मेंस की तैयारी एलांइट एकेडमी हजारीबाग से किया है। धीरज ने बताया कि मेहनत करने का नतीजा एक दिन जरूर मिलता है। आगे भी इस ओर तैयारी जारी रहेगा। धीरज के पिता हरि प्रसाद ने कहा कि गांव के बच्चे भी पढ़कर अपना, अपने माता -पिता और अपना गांव का नाम रौशन कर रहा है ।

## एडिसन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेइइ मेंस में लहराया परचम



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया के बाजारटांड में स्थित एडिसन पब्लिक स्कूल के 12 वीं के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस मे सफलता हासिल किया है जिसमें सुमित कुमार 98.78प्रतिशत, आर्यन राज 82.03प्रतिशत, पियुष कुमार सोनी 79.21प्रतिशत, राजनंदनी कुमारी 79.69प्रतिशत, उत्कर्ष ऋषि 66.03प्रतिशत है। विद्यार्थियों के द्वारा सफलता हासिल करने पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य सुधा कुमारी ने कहा कि विद्यालय शुरू से ही बच्चों को कंपीटीशन के लिए तैयारी कराता है। यही सब के कारण हम सभी शिक्षक, माता-पिता और विद्यार्थियों की मेहनत का नतीजा है कि आज बच्चे इतने अच्छे अंक लाकर विद्यालय और माता-पिता का नाम रौशन कर रहे है।

## कोडरमा के छात्रों को जेइइ मेंस में शानदार सफलता



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से शिक्षा क्षेत्र में एक नई सफलता प्राप्त हुई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बेहतरीन मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराये गये, जिसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को मुख्यधारा की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना है। जेइइ-मेन में जिले के सरकारी विद्यालय के छात्र आदित्य प्रकाश (एसएस +2 हाई स्कूल, बसोडीह) ने 99.15 पर्सेंटाइल, अंकित कुमार (प्रोजेक्ट +2 हाई स्कूल, देविपुर) ने 81.65 पर्सेंटाइल, और बिटू कुमार (आरएमएम +2 हाई स्कूल, चंदवारा) ने 73.92 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इस अवसर पर छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 3 छात्रों ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

## दाखिल खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में जमीन के दाखिल खारिज से संबंधित विशेष शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस शिविर में प्रखण्ड क्षेत्र के भू-रैयतों की जमीन को दाखिल खारिज म्युटेशन और लगान रशीद के लिए विकल्प और उत्तराधिकारी दाखिल खारिज से संबंधित विशेष जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में कुल 70 मामले का निष्पादन किया गया। मौके पर केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन कुमार बर्णवाल, प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, सीआई शमीम अंसारी और अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी और भू-रैयत मौजूद थे।

## रविदास जयंती को लेकर शोभा यात्रा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चानो पंचायत में रविदास जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर धुमधाम से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी, जो चानो के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है, उन्होंने समाज को नई मुकाम पर ले गया। कहा गया कि शिक्षा पर ध्यान दे अपने बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा के लिए प्रेरित करे तभी बिकास होगी। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष जितेंदर रविदास, सचिव शंकर रविदास, कोषाध्यक्ष दीपक भारती, भाजपा नेता डुमरचंद महतो, छोटू रविदास, प्यारी रविदास, विशुन रविदास, भैरव रविदास, कमलेश रविदास, प्रयाग रविदास, समरी राम, लुटन रविदास, सरिता देवी, मुलिया देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, तेजू रविदास, फूलचंद रविदास, सुरेश रविदास, सुनील कुमार, धर्म रविदास आदि शामिल थे।

## बर्तन दुकान में चोरी को लेकर थाने में आवेदन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में बुधवार की रात चोरों ने दैनिक बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर के एक बर्तन दुकान का छप्पर उजाड़कर नकद और जरूरी कागजात भरा बक्सा, काउंटर का जेवर और अन्य सामग्री अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। उपरोक्त मामले को लेकर बर्तन दुकान के संचालक आदित्य प्रसाद पिता स्व. भोला साव ने चोरी की घटना को लेकर एक लिखित आवेदन बड़कागांव थाना में दिया है। सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक के निर्देश पर एस आइ आशीष भगत सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधा कृष्ण मंदिर परिसर के कई दुकानों में चोरियां होने की शिकायत पिछले कई वर्षों से मिलती आ रही है। परंतु अब तक चोरों का पता नहीं चल पाया। इस घटना की जानकारी दुकानदार को तब हुई जब गुरुवार की सुबह उन्होंने दुकान खोला तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था और दुकान के ऊपर का छप्पर उजड़ा हुआ है तो उन्होंने तुरंत बड़कागांव थाना को इसकी जानकारी दी और छानबीन कर उपरोक्त चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## स्टेट बैंक ने ओल्ड एज होम को दिया इ-रिक्शा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जिले के छत्तरमांडू स्थित ओल्ड ऐज होम संचालित है। जिसमें वर्तमान में दो वरिष्ठ नागरिक आश्रय प्राप्त कर रहे है। जिसकी समुचित देखभाल और संरक्षण सरकार द्वारा चयनित एजेंसी गंगा तटीय विकास संस्था द्वारा किया जाता है। गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ के सौजन्य से भारतीय स्टेट बैंक के जेनरल मेनेजर प्रभाष बोस के द्वारा वृद्धजनों की सुविधाओं के लिए एक इ-रिक्सा (टोटो) की चाभी, इंदु प्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सुपूर्द किया गया। साथ ही जेनेरल मैनेजर द्वारा और भी आवश्यक वस्तुओं उपलब्ध कराने की बात कहीं गयी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक की पुष्पा कुमारी, दुखहरण महतो (संरक्षण पदाधिकारी) जिला बाल संरक्षण इकाई और अन्य भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक विजय कुमार, प्रसुन कुमार अश्विनी कुमार, धीरज कुमार, कृष्ण नंदन सेन, अभिषेक कुमार, रणधीर कुमार सिंह सचिव गंगा तटीय विकास संस्थान, कंचन कुमार केयर टेकर ओल्ड ऐज होम और अन्य कर्मी और संवासिन उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोग खोज अभियान को लेकर कार्यक्रम




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी के अध्यक्षता में गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी और दिनांक 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम और कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत डॉ सानिध्य भार्गव, एनएसआरआइएफ, डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती, एनएलआर, कोडिनेटर के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। मौके पर डॉ तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी ने कहा कि वैसे व्यक्ति जिनके शरीर पर कोई दाग-धब्बा जो कि सुन्न हो, कुष्ठ का संभावित मरीज हो सकता हैं। इसकी सूचना तत्काल प्राथमिक स्वा केंद्र को देनी चाहिए, जिससे पूर्ण उपचार हो सकें, साथ ही कुष्ठ रोग घर-घर खोज अभियान चलाया जाना हैं जो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा, सहिय, दीदी सहिया) संदिग्ध कुष्ठ मामलों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। अतः इससे बचाव से संबंधित जागरूकता पर कहा कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं हैं, यह एक विषाणु माईको बेकटेरियम लेप्रि द्वारा होता हैं। जो नियमित दवा की सेवान से पुन्तः रोग मुक्त हो जाता हैं और विकलांगता से बचा जा सकता हैं। सावन कुमार ठाकुर, जिला काय चिकित्सक ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ मनाया शब-ए -बारात का त्योहार

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को बड़े ही अकीदत के साथ शब-ए-बारात का त्यौहार मनाया। इसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रात भर जाग कर इबादत किया। इबादत के बाद इलाके के विभिन्न कब्रिस्तान में पहुंचकर पूर्वजों को याद किया। इसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कब्र के नजदीक जाकर फातिहा पढ़ी और उनके मगफिरत के लिए दुआ की। इस अवसर पर पतरातू क्षेत्र के हफूआ, पालू, रोचाप, सोलिया, पलानी, ताला टांड़, उचरिंगा, सांकुल, जयनगर, मस्जिद कालोनी पीटीपीएस, पतरातू के मस्जिदों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। जहां पर मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग रात भर जाग कर इबादत किया। वहीं इस अवसर पर बच्चे और युवाओं ने आतिशबाजी भी की। दूसरी ओर शब-ए -बारात के बारे में मुस्लिम धर्म के जानकारों ने बताया कि शब-ए-बारात की रात अल्लाह की रहमत बरसती है। मुस्लिम धर्मावलंबी के लोग अल्लाह से गुनाहों से माफी मांगते हैं। दूसरी ओर इस मौके पर कुछ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हलुआ आदि मीठी चीजों का फातिहा किया। साथ ही हलुआ का लुत्फ उठाया। इसके अलावा लोगों के बीच वितरण किया।

## रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी पर बरसे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सिल्वर स्क्रीन और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर अपनी संवेदना जाहिर की है। गुरुवार को उन्होंने कहा है कि आज सिल्वर स्क्रीन पर मानवीय मूल्यों की गिरावट हो रही है। उन्होंने कहा कि समाज के इन बिंदुओं पर भी चर्चा आवश्यक है। सांसद ने कहा कि अक्सर मैं ऐसी चर्चाओं और फूहड़ कार्यक्रमों से दूर रहता हूं, परंतु जब यह मामला बड़ा हुआ तो सोचा कि एक बार सुनु की इन तथाकथित कॉमेडी कलाकारों ने आखिर क्या कहा है। परंतु जब सुना तो विश्वास नहीं हुआ की ऐसे विकृत मानसिकता वाले लोग आज समाज में कुछ युवाओं के आइडल बने हुए हैं। परंतु मेरी समझ में ये कॉमेडी नहीं बल्की समाज में गिरते मूल्यों की निशानी है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा, कॉमेडियन समय रैना और शो इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शॉ विकृत मानसिकता के परिचायक है। कॉमेडी और जस्ट फन के नाम पर समय रैना, रणवीर इलाहाबादी, अपूर्वा माखीजा ये तीनों भारतीय संस्कृति के मजबूत स्तंभ संयुक्त परिवार के लिए घातक है। समाज में फैल रही इस गंदगी को अब रोकना होगा।

## सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर विधायक ने लगायी फटकार



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गडगी से बड़ानो पुल तक रोड की मरम्मत का कार्य चल रहा था, लेकिन इसमें बड़ी अनियमितता बरती जा रही थी। रोड निर्माण में प्रेशर या झाडू से पहले गंदगी साफ की जाती है, फिर निमसन डालकर कालीकरण किया जाता है। लेकिन संवेदक द्वारा रात के समय में यह कार्य जल्दबाजी में कर दिया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने कार्य को रोका और विधायक अमित कुमार यादव को सूचना दी। विधायक अमित कुमार यादव ने स्थल पर पहुंचे जांच किया जो सत्य पाया गया। विधायक श्री यादव ने इंजीनियर और संवेदक को फटकार लगायी और सड़क की सफाई कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने हेतु सख्त निर्देशित किया। बता दें कि जयनगर प्रखंड में सड़क मरम्मती कार्य रात के अंधेरे में किया जा रहा है। सभी जगह घोटाला ही देखने को मिल रहा है। उच्च पदाधिकारी का ध्यान नहीं रहने से संवेदक मनमर्जी काम कर निकल रहे हैं। मौके पर भाजयुमो परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन, शशि चौधरी, रामचंद्र मोदी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रामगढ़ में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह को लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आइडी ब्लास्ट में सेना के दो जवान शहीद हुए थे। उनमें हजारीबाग जिले के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी भी शामिल थे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर बुधवार की देर रात रामगढ़ पहुंचा। यहां सुभाष चौक पर समाजसेवियों और नागरिकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जैसे ही लोगों को यह खबर मिली कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर रामगढ़ पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आने वाला है, वे लोग सुभाष चौक पर ही फूल मालाओं के साथ खड़े हो गए। घंटों इंतजार करने के बाद देर रात जब फूलों से सजी आर्मी का ट्रक पहुंच, तो लोगों ने उस गाड़ी पर ही पुष्प वर्षा शुरू कर दी।





**सांसद मनीष जायसवाल ने प्रकट की संवेदना :** कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को वीरगति प्राप्त होने पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च बलिदान पर समस्त हजारीबाग समेत पूरा कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का ऋणी रहेगा। ईश्वर वीर सपूत की आत्मा को शांति दें। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

**शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को उपायुक्त ने दी श्रद्धांजलिः** जम्मू कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने श्रद्धांजलि दी। सिख रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित शोक सभा में गुरुवार को उपायुक्त ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### एसपी अजय कुमार ने दी शहीद को श्रद्धांजलि



सिख रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित शोक सभा में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने शाहिद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया और उनके परिवार वालों को ढाढस बंधाया।

## संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद

**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के सदर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुरैनियां तालाब के समीप स्थित मंदिर के पास से एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। मृतक की पहचान दिभा मुहल्ला बढ़ई टोला निवासी चमारी राणा का छोटा पुत्र छोटू राणा के रूप में हुई है। वह चतरा से बाहर जाकर काम कर रहा था। वह कल ही उड़ीसा से चतरा अपना घर लौटा था। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम करने के पश्चात शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटों के निशान पाये गये हैं, जिससे मामला हत्या की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस इस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है, ताकि घटना से संबंधित कोई सुराग मिल सके। वहीं, पुलिस ने मृतक के पास से बरामद मोबाइल फोन भी जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के समीप से शव बरामद होने से आसपास के लोग दहशत में हैं।

## संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि रैदास का 648 वा जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया। जयंती समारोह पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में इनके चाहने वाले महिलाएं पुरुषों ने कलश लेकर शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें साराढु, सोपाराम, कोयेद, कसियाडीह, रक्सी, गाड़ीलौंग समेत कई गावों में शोभा यात्रा के साथ साथ संत रैदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इधर सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के कसियाडीह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुवे। श्री दास ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि रैदास जी संतो के संत थे।हम लोगो को इनके विचारो और सिद्धांतो पर चलने की आवश्यकता है। संत रैदास ने छुआछूत का भेदभाव को इन्होंने समाप्त कर सभी समुदायों एक साथ मिलकर जीवन जीने का विचार दिये। इस जयंती समारोह में उपस्थित सिमरिया एसडीएम सनी राज ने अपने संबोधन में संत रैदास की जीवनी पर प्रमुखता से प्रकाश डालते हुए इनके विचारो को सभी के बीच रखे। इस मौके पर रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अमेरिका दास, रामावतार राम, रंजित दास, नागेश्वर राम, जागेश्वर दास, प्रमोद सिंह, ईश्वर दयाल पांडे, अशोक कुमार दास, मंटू दास, जीवन राम, तपेश्वर राम, दीपक दास, बिनोद राम, संजय राम, कुलदीप दास, राजदेव राम, दिवाकर कुमार समेत इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## पति की मौत के सात दिन बाद पत्नी ने तोड़ा दम

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सात दिन पूर्व सेवटा रजवार टोला में पति के हाथों फरसे से घायल इलाजरत पत्नी ने गुरुवार की अहले सुबह रिम्स रांची में दम तोड़ दिया। इधर, निधन की सूचना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया। रिम्स रांची से महिला का शव घर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त किया। वहीं, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव में मातम छा गया। साथ ही, पुत्र राहुल रजवार ने सेवटा नदी तट पर मां शांति देवी (50 वर्ष) का अग्नि संस्कार किया। मालूम हो कि गत शुक्रवार को पति राजू रजवार (उम्र 60 वर्ष) ने मामूली विवाद में घर में बर्तन धो रही अपनी दूसरी पत्नी शांति देवी (50 वर्ष) को हत्या के इरादे से फरसे से वारकर बुरी तरह घायल कर दिया था और खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद से गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज रिम्स रांची में चल रहा था। जिसने गुरुवार को दम तोड़ दिया।

## विधायक ने वृद्धाश्रम और अनाथ आश्रम का किया निरीक्षण

### हमारी सरकार आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्धः ममता देवी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** विधायक ममता देवी ने गुरुवार को वृद्धाश्रम और अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित अनाथ बच्चों और वृद्धजनों से मुलाकात की। उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया। विधायक ममता देवी ने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आपके भलाई के लिए पूरी तरह से समर्पित है और हर हाल में आपको सुविधाएं देने का प्रयास करेगी।

इस दौरान आश्रम के प्रबंधन से भी बातचीत कर आवश्यक सुधारों और जरूरतों पर चर्चा की। विधायक ममता देवी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आश्रम में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधा और सहायता प्रदान की जाये।

## रजनी गुप्ता को मिलेगा डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान

### श्रेष्ठ लेखन के लिए दिया जायेगा पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति नवाडीह बोकारो द्वारा हिंदी साहित्य, क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीसरी बार प्रदेश के साहित्यकारों को विभिन्न पुरोधाओं की स्मृति में स्मृति सम्मान-2025 देने की घोषणा की है। समिति का उद्देश्य है कि झारखंड में साहित्य अकादमी की स्थापना की दिशा में सरकार का ध्यान आकर्षित किया जा सके। साथ ही समिति का लक्ष्य साहित्य को समर्पित संस्था यानी साहित्य अकादमी का गठन, पत्रिका और पुस्तक प्रकाशन के माध्यम से प्रदेश में साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वर्ष सम्मानित किये जाने वाले साहित्यकारों के




नामों की घोषणा की गयी है। इसमें रामगढ़ की डॉ रजनी गुप्ता को भी सम्मानित किया जायेगा। इस बार शिखर सम्मान के साथ युवा साहित्यकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। जिनकी उम्र पचास वर्ष या उससे कम है और जिन्होंने उत्कृष्ट लेखन के साथ इस अभियान को गति देने में सक्रियता दिखायी है। इस वर्ष जिन्हें सम्मानित किया जायेगा उनमें बिरसा मुंडा शिखर सम्मान अशोक प्रियदर्शी रांची को समग्र साहित्यिक अवदान के लिए, बिनोद बिहारी महतो स्मृति सम्मान शेखर मल्लिक घाटशिला को उत्कृष्ट साहित्य लेखन के लिए, राधाकृष्ण स्मृति सम्मान रश्मि शर्मा रांची को कथा लेखन के लिए, डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान रजनी गुप्ता रामगढ़ को श्रेष्ठ लेखन के लिए, भारत यायावर स्मृति युवा सम्मान सत्या शर्मा कीर्ति, रांची को समकालीन कविता के लिए, कॉमरेड महेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति सम्मानप्रणव प्रियदर्शी रांची को साहित्य-पत्रकारिता के लिए, रघुनाथ महतो स्मृति सम्मान डॉ सुभाष कुमार यादव धनबाद को विधा-वैविध्य के लिए, सुशीला सामद स्मृति युवा सम्मान सुजाता कुमारी को समकालीन कविता के लिए, सृष्टिधर महतो स्मृति युवा सम्मान गुलांचो कुमारी हजारीबाग को कुड़माली भाषा संस्कृति के साथ हिंदी में समसामयिक लेखन लिए, शिवनाथ प्रमाणिक स्मृति युवा सम्मान-नेतलाल यादव गिरिडीह को खोरठा हिंदी कविता के लिए, जगन्नाथ महतो स्मृति युवा सम्मान डॉ हराधन कोयरी रांची को पंचपरगनिया साहित्य के लिए, पॉल जूझार सोरेन स्मृति युवा सम्मान महेंद्र बेसरा दुमका को संथाली हिंदी कविता के लिए डॉ डोमन साहू समीर स्मृति युवा सम्मान रविशंकर शाह देवघर को अंगिका हिंदी कविता के लिए, भाषामित्र सम्मान संघमित्रा रायगुरु रांची को उड़िया हिंदी परस्पर अनुवाद के लिए, नवल सृजन सम्मान संतोष कुमार शर्मा रांची को नवलेखन के लिए और भाषामित्र सम्मान चेतना झा रांची को साहित्यिक पत्रकारिता के लिए प्रदान किया जायेगा। झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति द्वारा सम्मान मार्च महीने में रांची में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर दिया जायेगा।

## किसानों को दी गयी फसल सुरक्षा योजना की जानकारी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कबरा पंचायत भवन में गुरुवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया नीलेश इसेन और संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। शिविर का उद्घाटन मुखिया नीलेश इसेन उर्फ सोनू सिन्हा, पसस नितेश राणा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024-25 के अंतर्गत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय किसान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के सुधीर कुमार के द्वारा फसल सुरक्षा के तहत रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों और उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि कृषक दानेदार यूरिया के जगह नैनो यूरिया का प्रयोग करें और जमीन के अंदर उगने वाले सब्जियों अर्थात प्याज, आलू, लहसुन आदि फसलों में पोटाश का प्रयोग अधिक करें। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। साथ ही फसल चक्र और खेतों में उर्वरक क्षमता बढ़ाने हेतु चुन्ना का प्रयोग पर बल दिया गया। मौके पर जनसेवक गौतम कुमार केशरी, उपमुखिया गीता देवी समेत दर्जनों की संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## पोस्ता की खेती को किया गया नष्ट



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा पुलिस प्रशासन की टीम ने पंद्रह दिनों के अंदर पोस्ता माफियाओं के विरुद्ध तीसरी बड़ी कार्रवाई किया गया है। सोचती की खेती को लेकर मिली ग्रुप सूचना के आधार पर टंडवा सीओ विजय कुमार दास पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम के संयुक्त गठित पुलिस प्रशासन में वन विभाग की टीम ने मिश्रोल पंचायत के हूंबी और हांडु के जंगल में करीब 24 डिसमिल भूमि पर पोस्ते की खेती से लाठी डंडे नष्ट कर दिया गया। सीओ विजय कुमार दास ने बताया कि पोस्ट की खेती के दुष्प्रभाव को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद अफीम की खेती की जा रही है। इसकी सूचना के बाद कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि अफीम माफियाओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगा। पंद्रह दिन के भीतर धनगड़ा के बोंगा गढ़ा और मरांग लोइयां में रैयती भूमि पर 3 एकड़ से अधिक भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। इस मौके पर दूसरा दिन भी संयुक्त अफीम अभियान में प्रभारी फॉरेस्टर ललटू कुमार, वनरक्षी मुरारी प्रजापति, सुनील कु उरांव, नीरज कुमार, अंकित कुमार और अन्य वन कर्मी और थाना के शस्त्र जवान उपस्थित थे।

## बैंक में जेब काटने वाले की शक्ल से मिलने वाला शख्स हिरासत में

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बैंक ऑफ इंडिया में दिव्यांग ग्राहक जीवन लाल की जेब काटने वाले शक्ल से मिलता जुलता शख्स पुलिस की हिरासत में पहुंच गया है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिस व्यक्ति को पकड़ा गया है उसकी सूरत सीसीटीवी कैमरे में कैद व्यक्ति से मिलती-जुलती है। गुरुवार को वह शख्स स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मौजूद था, जहां उसकी शिनाख्त हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये शख्स का नाम शिवशंकरण है और वह मूल रूप से दक्षिण भारत का रहने वाला है। झारखंड में वह रांची जिले के खलारी में डंपर ऑपरेटर के रूप में काम करता है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह रामगढ़ में लोन से संबंधित काम को लेकर आया था। लेकिन इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हुई है। वह रामगढ़ किस काम से आया था इसका पता पुलिस लग रही है।

## पशुपालकों के बीच बकरी और मुर्गी का वितरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशु चिकित्सालय में गुरुवार को पशुपालकों के बीच बकरी और मुर्गी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी उपस्थित हुई। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की पहल है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। इस कार्यक्रम से पशुपालकों को न केवल आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त माध्यम है। मौके पर डॉ राजेश, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, तस्लीम अंसारी, सगीर अंसारी, राजकुमार महतो, हेमलाल महतो, मिथलेश कोटवार सहित दर्जनों लाभुक शामिल थे।

## रेफरल अस्पताल के सेवानिवृत्त रसोइया का निधन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल टूटी झरना के सेवानिवृत रसोइया सह दिगवार डुमरियागढ़ा निवासी रामप्रसाद महतो (78 वर्ष) का निधन गुरुवार को पैतृक आवास पर हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सांडी नदी तट पर किया गया। इस दौरान मुखाग्नि बड़े पुत्र संतोष प्रसाद ने दिया। रामप्रसाद महतो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन से परिजनों के साथ ग्रामीणों में शोक व्याप्त है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-24-टी06-आरएनसीपीएफ-वाईएमएचटीई, दिनांक: 12.02.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का सम्पादन: (1) रांची जंक्शन- रांची स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 1बी का निर्माण। (2) हटिया- वर्तमान ईस्ट सेन्ट्रल केबिन के नज़दीक यार्डमास्टर एवं टीएनसी के कार्य स्थल के लिए नए सेवा भवन का निर्माण। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 47,65,522.95। **जमा बयाना राशि:** ₹ 95,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.03.2025 को सुबह 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 21.02.2025। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in (वर्क्स टेंडर)। (PR-1136)

**कोर्ट नोटिस**

ब-अदालत
माननीय प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, राँची
मूल वाद (विवाह विच्छेद) संख्या - 727/24
प्रिती श्रीवास्तव ................आवेदिका
बनाम
अलोक श्रीवास्तव एवं अन्य ....... विपक्षीगण
नोटिस बनाम :-
1. अलोक श्रीवास्तव, पिता स्व० जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव निवासी-श्वेता श्रीवास्तव, मलिक मुहल्ला, पुन्दाग, पोस्ट-अरगोड़ा, थाना - पुन्दाग, (टी. ओ.पी.) जिला-रांची झारखण्ड -834002
2. रीना चक्रवर्ती पुत्री स्व० मोती चक्रवर्ती वर्तमान निवासी चापू टोली, पोस्ट + थाना - अरगोड़ा, जिला-रांची।
बजरिये नोटिस के माध्यम से आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ने आप लोगों के विरुद्ध उपरोक्त न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर की है जिसमें आप लोगों को नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में अभी तक उपस्थित नहीं हुए। अतः आप लोगों को इस नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि दिनांक 17/02/25 को समय 10:30 A.M. बजे पूर्वाह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आप लोगों की अनुपस्थिति में वाद की एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
यह नोटिस अदालत के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/02/25 को जारी किया गया।
आदेशानुसार
प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय, रांची

# तेजस में देरी ठीक नहीं

बेंगलुरु में हो रहे एयरो इंडिया 2025 के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस बयान का चर्चा में आ जाना हैरत पैदा करता है कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी एचएएल की क्षमता पर भरोसा नहीं है। हालांकि यह किसी आधिकारिक ब्रीफिंग का हिस्सा नहीं था, लेकिन यूट्यूब पर जारी विडियो एयरो इंडिया से जुड़े कार्यक्रम का है।

**बयान पर विवाद :** वैसे यह कोई पहला मौका नहीं है, जब देश के किसी वायु सेना प्रमुख ने एचएएल की ओर से सप्लाई में देरी को मुद्दा बनाया हो, लेकिन जिस तरह से और जिस मौके पर यह बयान आया, वह सामान्य नहीं है। देश की रक्षा तैयारियों को लेकर इस तरह के विवाद कोई अच्छा संदेश नहीं देते।

**वायु सेना की चिंता :** इस बयान के पीछे छुपी वायु सेना प्रमुख की चिंता समझी जा सकती है। एयरफोर्स को फाइटर जेट तेजस (एलएसी एमके1-ए) मिलने में एक साल से ज्यादा की देर हो चुकी है। इस तरह की देरी बहुत गंभीर है। इससे एयरफोर्स की लड़ाकू क्षमता इससे प्रभावित होती है। एयरचीफ मार्शल की इस शिकायत को हलके में नहीं लिया जा सकता कि बार-बार कहने और नयी डेडलाइन देने के बाद भी उसका पालन नहीं हो पा रहा।

> **एचएएल की ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गयी हैं और इसीलिए आनेवाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दी जायेंगी। दरअसल इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं।**

**तकनीकी दिक्कतें :** सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस तरह की देरी की क्या वजहें हैं। एचएएल की ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गयी हैं और इसीलिए आने वाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दी जायेंगी। दरअसल इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं। देरी की एक बड़ी वजह अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से समय पर एफ404 इंजन की सप्लाई नहीं हो पाना भी है। दोनों देशों के बीच तकनीकी हस्तांतरण समझौतों की जटिलता भी इसमें आड़े आती है।

**चीन से चिंता :** एयर चीफ मार्शल की बात को भारत की सीमा संबंधी चुनौतियों से जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है। चीन की सैन्य क्षमता भारत से कहीं ज्यादा है। हाल ही में उसने छठी पीढ़ी के जे-36 फाइटर जेट्स की नुमाइश की थी, वहीं दो वर्षों में पाकिस्तान को उससे स्टेल्थ जेट भी मिलने वाले हैं। ऐसे में भारतीय वायुसेना को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा और उसके लिए समय पर तेजस की सप्लाई जरूरी है।

अभिमत आजाद सिपाही

**मई 2023 में मैतेई-कुकी जातीय संघर्ष भड़कने के बाद से यह छोटा राज्य 21 महीने से जल रहा था। हालांकि दोनों समुदाय दशकों से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते रहे हैं, लेकिन तत्काल उकसावे की वजह राज्य सरकार को मैतेई के लिए आरक्षण पर विचार करने के लिए उच्च न्यायालय का निर्देश था, जिसने पुराने घावों को उजागर कर दिया। तब से राज्य में उथल-पुथल मची हुई है, जिसमें 250 से ज्यादा लोग मारे गये हैं, कई और घायल हुए हैं और हजारों लोग 350 से ज्यादा राहत शिविरों में तड़प रहे हैं।**

# मणिपुर में बीरेन देर से गये, दुरुस्त गये

**विपिन पब्बी**

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के बीच दुश्मनी और जातीय हिंसा में उनकी मिलीभगत पर सुप्रीम कोर्ट के अभियोग की छाया का सामना करते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन इससे पहले उन्होंने पूर्वोत्तर राज्य को बहुत नुकसान पहुंचाया। मई 2023 में मैतेई-कुकी जातीय संघर्ष भड़कने के बाद से यह छोटा राज्य 21 महीने से जल रहा था। हालांकि दोनों समुदाय दशकों से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते रहे हैं, लेकिन तत्काल उकसावे की वजह राज्य सरकार को मैतेई के लिए आरक्षण पर विचार करने के लिए उच्च न्यायालय का निर्देश था, जिसने पुराने घावों को उजागर कर दिया। तब से राज्य में उथल-पुथल मची हुई है, जिसमें 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, कई और घायल हुए हैं और हजारों लोग 350 से ज्यादा राहत शिविरों में तड़प रहे हैं। कई बार बंदूकों और मोर्टार से सशस्त्र झड़पों की घटनाएं हुई हैं, जिनमें से ज्यादातर विभिन्न समूहों द्वारा पुलिस शस्त्रागार से लूटी गई थीं। लूटे गये हथियारों और गोला-बारूद का 70 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा अभी भी बरामद किया जाना है।

> **मैतेई और कुकी के बीच खोए हुए विश्वास को बहाल करना महत्वपूर्ण है।**

अधिकांश शैक्षणिक संस्थान बंद होने और आर्थिक गतिविधि के ठप होने से सामान्य जीवन ठहर गया था। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा हुआ है। फिर भी केंद्र सरकार ने आंखें मूंद लीं और मैतेई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मुख्यमंत्री को हटाने से इंकार कर दिया, जिन्होंने कुकी और अन्य आदिवासी समुदायों का विश्वास खो दिया था।

सबसे चौंकाने वाली बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अडि?ल रवैया था, जिन्होंने विपक्ष और यहां तक कि मीडिया की जोरदार मांग के बावजूद राज्य का दौरा करने से इंकार कर दिया। वे परीक्षा की तैयारी से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के भविष्य तक किसी भी विषय पर बोलने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन मणिपुर में जो कुछ हो रहा था, उस पर चिंता व्यक्त करने से बचते रहे। यह समझ से परे है कि केंद्र ने लगभग 2 साल तक तनाव को क्यों बढ़ने दिया। और अब राज्य एक और संकट का सामना कर रहा है जो बीरेन सिंह के उत्तराधिकारी के चयन को लेकर है। जाहिर है कि पार्टी के विधायक, जो दोनों समुदायों में से किसी एक से ताल्लुक रखते हैं, इस बात पर विभाजित हैं कि नया मुख्यमंत्री कौन होगा।

शायद संकट से भरे बीरेन सिंह के कार्यकाल के दौरान उत्तराधिकारी को तैयार करने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिन्हें एक दिन जाना ही था। एक महत्वपूर्ण सीमावर्ती राज्य की ऐसी उपेक्षा अक्षम्य है। यह तथ्य कि उत्तर पूर्व में भाजपा नेताओं और उसके गठबंधन सहयोगियों के बीच भी गहरी नाराजगी पनप रही थी। पिछले साल भाजपा की सहयोगी मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस लेने को उचित ठहराते हुए संगमा ने कहा था, 'सही समय पर निर्णय नहीं लिए गए और स्थिति बदतर हो गई है...लोग मर रहे हैं और उन्हें पीड़ित देखना दुखद है...चीजें अलग तरीके से की जा सकती थीं, जैसे कि गार्ड को बदलना।'



**विडंबना यह है कि मणिपुर भाजपा प्रमुख और राज्य से पार्टी के एक सांसद ने भी राज्य सरकार के कामकाज की आलोचना की थी। एक और कारण जो बीरेन सिंह को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता था, वह था राज्य विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव हारने की संभावना, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा सरकार के खिलाफ मतदान करने की संभावना थी।**

विडंबना यह है कि मणिपुर भाजपा प्रमुख और राज्य से पार्टी के एक सांसद ने भी राज्य सरकार के कामकाज की आलोचना की थी। एक और कारण जो बीरेन सिंह को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर सकता था, वह था राज्य विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव हारने की संभावना, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ विधायकों द्वारा सरकार के खिलाफ मतदान करने की संभावना थी।

मोदी सरकार, जो गैर-भाजपा दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ आक्रामक रही है, मणिपुर में अपनी खुद की अक्षम सरकार के साथ नर्मी से पेश आ रही है। इस दावे में कुछ सच्चाई हो सकती है कि म्यांमार और चीन इस समस्या को बढ़ावा दे सकते हैं, लेकिन यह राज्य की ओर से हिंसा को रोकने में पूरी तरह विफल होने का कोई बहाना नहीं है।

बल प्रयोग या बीरेन सिंह जैसे अक्षम नेताओं को थोपने से 2 युद्धरत समुदायों के बीच विश्वास बहाल नहीं हो सकता। पिछले 21 महीनों में दोनों समुदायों के नेतृत्व को बातचीत की मेज पर लाने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया है।

वास्तव में, इस मुद्दे से निपटने का यही एकमात्र तरीका है। मैतेई और कुकी के बीच खोए हुए विश्वास को बहाल करना महत्वपूर्ण है। यह एक दुर्लभ उदाहरण होना चाहिए जहां केंद्रीय शासन लागू करने का मीडिया सहित समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा स्वागत किया जायेगा। भाजपा, जो पूरे देश में जीत की होड़ में है, को शांतिपूर्ण मणिपुर के लिए कुछ बलिदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए और झूठी प्रतिष्ठा पर खड़ा नहीं होना चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

# सभी समस्याओं का मिशन मोड में होगा समाधान : बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के लुंबई गांव में बिरसाईत समुदाय के बीच जनता दरवार का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड सरकार के समन्वय समिति सदस्य सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए।इस अवसर पर बिरसाईत समुदाय के लोगो ने अपने नेता बंधु तिर्की का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने जनता दरबार में शामिल हुए आम जनता की समस्याओं से अवगत हुए। स्थानीय लोगों ने गांव में सड़क, चापाकल निर्माण, अबुवा आवास, पेंशन योजना सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। बंधु तिर्की ने कहा बंदगांव बहन की ससुराल है। पूर्व में यहां के लोग ढेंकी से कूट कर चावल निकालते थे।किसी के हाथ में मोबाइल तक नहीं था।लेकिन अब समय बदल चुका है।राज्य को बचाने के लिए ध्यान और बुद्धि से लड़ने का समय आ गया है।उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्याओं को मिशन मोड में समाधान किया जाएगा।उन्होंने कहा धरती आबा बिरसा मुंडा के सोच और सपनों को पूरा करने के लिए गांव के सभी बच्चों को शिक्षित करना होगा।तभी जाकर आनेवाली पीढ़ी बिरसाईत की परंपरा को समझ पाएंगे और निडर होकर अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़ेंगे।उन्होंने कहा झारखण्ड में अब अबुवा राज-अबुवा सरकार चल रही है।लेकिन सभी को अपने आंख और कान को खुला रखना होगा। उन्होंने कहा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुचे इसकी गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। मौके पर पूर्व मंत्री ने दिव्यांग बिरसी मुंडा और प्रभु मुंडु को ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया।उन्होंने कहा दोनों दिव्यांगों को उचित ईलाज के लिए आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। वही जनता दरबार में शामिल हुए पुरुष व महिलाओं के बीच पूर्व मंत्री के द्वारा धोती और साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष विजय सामड, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप महतो, जिला महासचिव सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, जिला सचिव प्रतीक कुमार, बंदगांव के युवा अध्यक्ष रवि मुंडरी,बीस सूत्री सदस्य आशीसन हपदगड़ा, नयन सहित ग्रामीण मुंडा व सैकड़ों स्थानीय लोग मौजुत रहे।

# विधायक ने बस्ती निवासी युवक के परिजन को सौंपा व्हील चेयर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा से चुनाव जीतने के बाद से ही जन जन की समस्याओं को लेकर काफी चिंतित है। विधायक ने पश्चिम विधानसभा में जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरथ है। वही डिमना बस्ती निवासी तफासुम पटकीत के सुपुत्र फारुक अंसारी का दोनों पैर मे दिक्कत के कारण चलने फिरने से असमर्थ होने की जानकारी मिलने पर विधायक सरयू राय ने बिष्टुपुर आवासीय कार्यालय में परिजन को व्हील चेयर भेट की।विधायक सरयू राय ने उम्मीद जताई इससे अब फारुक को मूवमेंट करने में थोड़ी सहूलियत होगी। वही परिजन के अनुसार फारुक के दोनों पैरों की एडियों की हड्डियां घिस गई हैं। वह अपने से चल फिर नहीं सकते। उनकी मां ने अपने पुत्र के लिए व्हील चेयर प्राप्त किया। व्हील चेयर मिलने पर परिजनों ने विधायक के प्रति आभार जताया।मौके पर आफताब सिद्दिकी,नीरज सिंह, वीरेंद्र सिंह व अन्य शामिल रहे।

# उलीडीह चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के ओलीडीह ओपी पुलिस ने ओलीडीह टैंक रोड निवासी आदित्यनाथ मिश्रा के घर में हुई चोरी के मामले का त्वरित उद्भेदन करते हुए चोरी के आरोपी उलीडीह के ही फुटबॉल मैदान के निकट रहनेवाले गौरव शंख उर्फ चिंटू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से घरेलू इस्तेमाल वाला एक गैस सिलेंडर, एक जोड़ा पायल एवं एक चांदी का मंगटीका बरामद किया है। पुलिस ने गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बताते चलें कि उलीडीह टैंक रोड निवासी आदित्यनाथ मिश्रा ने उलीडीह थाना में अपने घर से गैस सिलेंडर, एक स्टैंड फैन, एक जोड़ा चांदी की पायल एवं चांदी का मंगटीका चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। इसके बाद ओपी प्रभारी ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले का अनुसंधान आरंभ किया। उलीडीह थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर 12 घंटे के अंदर चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए चोरी गये सारे सामानों के साथ चोरी में शामिल एक अपराधी को धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से चोरी गयी कई सामग्रियां भी बरामद कर ली, जिनकी कीमत करीब 16 हजार रुपये आंकी गयी है। पुलिस द्वारा जांच अभियान में पकड़े गए अपराधी की पहचान उलीडीह फुटबॉल मैदान के पास रहने वाले गौरव शंख उर्फ चिंटू के रूप में की गयी। पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण सर्वे में शिकायतों के निवारण के लिए 15 को होगी बैठक

**आजाद सिपाही संवादाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण के लिए डोर-टू-डोर सर्वे से जुड़ी शिकायतों का निवारण के लिए 15 फरवरी को बैठक बुलाया गया। बैठक दोपहर 3:30 बजे नगर निगम के सभागार में आयोजित होगी। नगर निगम प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार बीएलओ के माध्यम से किए गए सर्वे की सूची जिला प्रशासन के वेबसाइट व कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गयी। ताकि नागरिक अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकें। प्राप्त शिकायतों और आपत्तियों के निस्तारण के लिए यह बैठक बुलायी गयी है। बैठक में सभी निवर्तमान वार्ड पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता व मानवाधिकार संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। प्रशासन ने सभी आमंत्रित सदस्य को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध किया।ताकि महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श कर सके।

# झामुमो नेता ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के मनिफिट स्पोटिंग क्लब के द्वारा डीबीसी ग्राउंड में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। मुख्य अथिति के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए महाबीर मुर्मू ने कहा खेलकूद में सक्रिय रहने वाले युवा शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहते हैं। उन्होंने कहा जो खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलते है वे जीवन मे सफल होते है। वे खेल के माध्यम से अपना भविष्य को भी सुरक्षित कर सकते है। उन्होंने सभी युवाओ को खेलकूद के साथ साथ पढ़ाई में भी अनुशासन बनाये रखने की अपील की।वही पहली मैच सौम्या एलेवेन बनाम चंदन 11 के बीच खेला गया। सोमैया एलेवन ने पहला बैटिंग करते हुए आठ ओवर में 130 रन बनाया। वही चन्दन इलेवन 71 रन पर ऑल आउट हो गया। सौम्या एलेवन ने 49 रन में जीत दर्ज कराई। वही बेस्ट बैट्समैन रबी 61 रन,बेस्ट बोलर जीतू 4 रन व 3 विकेट लिया। दूसरे मैच कदमा वारियर बनाम रेड जॉन के बीच शुरू हुई। रेड जॉन पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए। वही कदमा वारियर 113 रन में सिमट गयी। इस तरह रेड जॉन 9 रन से विजयी हुआ।तीसरे मैच सिल्ड ऐलेवन वनाम बजरंग वरियर के बीच खेला गया। शिल्ड एलेवन ऑटोबर में 102 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। वही बजरंग वारियर 98 रन पर सिमट गई। इस तरह शील्ड इलेवेन 4 रन पर जीत दर्ज कराई। चौथा मैच में आरोही एलेवेन 40 प्लस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 107 रन के का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में फोर्टी प्लस 86 रन पर ऑलआउट हो गई। इस अवसर पर रतन पलसनिया, चितरंजन, अमन, लूडन, लालू, सुनील गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

# सरायकेला के युवक को सांप ने डंसा, सांप को लेकर अस्पताल पहुंचा



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला थाना अंतर्गत सरगीडीह निवासी हर सिंह हांसदा नामक युवक को गुरुवार की शाम करीब 6.00 बजे के आसपास खेत से लौटने के क्रम में एक विषैले सांप ने डंस लिया। इसके बाद उसे काफी तेज की जलन हुई। युवक ने दिलेरी दिखाते हुए सांप को झपट्टा मारकर पकड़ लिया और एक बोतल में बंद कर अपने साथ सदर अस्पताल सरायकेला लेकर पहुंच गया। उसके बाद चिकित्सकों द्वारा उसे एंटी स्नेक वेनम दिया गया है एवं जगे रहने की हिदायत दी गयी है।

# बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**पीडीजे ने छात्रों को कानून संबंधी जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नालसा और झालसा के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा आयोजित बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के सभागार में 90 दिवसीय आउटरीच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह ने स्वागत भाषण के साथ विश्वविद्यालय के महता पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न तरह के फैकल्टी के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा ने भारतीय संविधान के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को कानून की मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुए उनके द्वारा पूछे गये कई बिंदुओं पर सवाल का जवाब भी दिया। विशिष्ट अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार के द्वारा पोक्सो कानून एवं जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवनाथ त्रिपाठी के द्वारा बौद्धिक प्रॉपर्टी एवं मोटर वाहन अधिनियम पर प्रकाश डाला गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव न्यायाधीश रवि चौधरी के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के गठन और नालसा स्कीम एवं झालसा के कार्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार पर विस्तार पूर्वक अवगत कराये। एस डीजेएम मोनिका प्रसाद ने महिलाओं पर हो रहे हिंसा के बारे में जानकारी दी। सिविल जज जूनियर डिवीजन सह मजिस्ट्रेट अभिनव कुमार साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले। इस कार्यक्रम में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कुमार विपुल, एसीजेएम संगीता कुमारी, जुडिशल मजिस्ट्रेट वीणा कुमारी, अनुलिका कुमार और अन्य सहित लगभग 500 की संख्या में अध्यनरत छात्र/ छात्राओं तथा यूनिवर्सिटी के कई डॉक्टर, स्टाफ, कर्मचारी, उपस्थित थे।

# पानी सप्लाई का काम कर रही कंपनी की मनमानी से ग्रामीण आक्रोशित, काम को बंद कराया गया

**ग्रामीणों ने कंपनी और उसके कर्मियों पर दबंगई और मनमानी तरीके से काम करने का आरोप लगाया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



हरिहरपुर में पाइप लाइन का काम रोकते जमीन मालिक और ग्रामीण।

**हरिहरपुर।** श्रीनगर सोन नदी से जिले के सभी जलाशयों और घरों में पीने के लिए पानी सप्लाई का काम कर रही एलएंडटी कंपनी की मनमानी से क्षुब्ध आक्रोशित ग्रामीणों ने हरिहरपुर में काम को बंद करा दिया। ग्रामीणों ने कंपनी और उसके कर्मियों पर दबंगई व मनमानी तरीके से काम करने का आरोप लगाया है। गांव के जमीन मालिक योगेंद्र सिंह, संतोष सिंह आदि ने बताया कि कंपनी के कर्मी बिना जमीन मालिक को मुआवजा दिए और बगैर उनकी सहमति लिए मनमानी तरीके से जमीन के अंदर गढ्ढा खोद कर पाइप बिछा रहे हैं। कई बार स्थानीय लोगों ने अपने जमीन पर बड़ा पाइप लगाने पर मना किया तो उसके बगल में हट कर पुनः जबरदस्ती काम शुरू किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि जिस जमीन पर पाइप बिछाया जा रहा है, उस जमीन पर भविष्य में बेसमेंट निर्माण करना पड़ा, तो पाइप लाइन की पानी सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो जायेगी। ऐसे में सरकारी संपत्ति नुकसान का मामला दर्ज हो सकता है। उसके अलावा निर्धारित मापदंड के खिलाफ मनमानी तरीके से मेन रोड़ तरफ अधिक गढ्ढा व अन्य जगहों पर कम गढ्ढा खोद कर पाइप बिछाया जा रहा है। जमीन मालिकों ने गुरुवार को हरिहरपुर में जीर्ण शीर्ण अवस्था में लगाये गये पाइप के साइड पर पहुंच कर काम को बंद कराते हुए तत्काल पाइप हटाने के लिए कंपनी को कहा है। गौरतलब हो कि श्रीनगर सोन नदी से पानी उठा कर जिले में सिंचाई और पेयजल आपूर्ति का काम किया जा रहा है। पहले भी कई बार कंपनी के लोग क्षेत्र के कई जमीन मालिकों के जमीन पर बिना अनुमति के या मुआवजा दिए काम कराते रहे हैं। कोई ग्रामीण या जमीन मालिक जब मुआवजा की मांग करता है तो कंपनी के लोग कहते हैं कि इसमें मुआवजा का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में जमीन मालिकों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाता है। साइड पर काम करा, रहे कंपनी के मैकेनिकल मैनेजर आशीष कुमार ने कहा कि जमीन मालिक को उनके जमीन पर काम करने से पहले अनुमति और मुआवजा का प्रवधान हमारी कंपनी में नहीं है।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ शुरू



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में 25वां मानस महायज्ञ सह रजत जयंती सादे समारोह के साथ शुरू हुआ। सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा की स्थापित परंपरा की जगह 13 फरवरी 2025 को स्थानीय झरना घाटी की परिक्रमा करके यहीं से यज्ञाचार्य पं श्यामबिहारी वैद्य के नेतृत्व में पुरोहितों की टोली के द्वारा कलशों में अभिमंत्रित जल भरवाया गया। इससे पूर्व मुख्य यजमानों कृष्णा शर्मा व धर्मपत्नी सुशीला देवी तथा अमरेश चंद्र व उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी व अन्य के प्रधान कलश व सभी निराहार व्रती कलश यात्रियों के कलशों का सतबहिनी भगवती मंदिर में संकल्प कराया गया था। इस मौके पर अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं मुरलीधर मिश्र, संत हरिदास, नंदलाल दुबे, मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शतचंडी महायज्ञ जलयात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



**केतार (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ धाम परिसर से शतचंडी महायज्ञ का दिव्य जल यात्रा यज्ञकर्ता श्री श्री 1008 श्री महंत रामेश्वर दास के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नव दिवसीय महायज्ञ का शुरूआत हुआ। दिव्य जलयात्रा पंडा और ढाढरा नदी के संगम से जल उठाकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इस जल यात्रा में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जल यात्रा में समाज सेवी पंकज कुमार सिंह, राजीव रंजन तिवारी, मुखिया प्रमोद कुमार, उपमुखिया संजय पाल, सुरेश राम सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गुरु रविदास जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** माघ पूर्णिमा को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती के अवसर पर मकरी के निमिया टोली में बुधवार की रात्रि में कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लालू राम ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर पूजा अर्चना बुद्ध नमस्कार, तृश्रण पंचशील का उच्चारण कर की गयी। मुख्य रूप से गुलाब राम, पिंटू सर, विजय कुमार रवि सर, रामनाथ, अर्जुन राम, राजेश राम सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया।

## कैलान में पंचायतों को क्रियाशील बनाने के लिए विभाग ने कई योजनाओं की शुरुआत की

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत में राज्य के सभी पंचायतों को क्रियाशील बनाने, पंचायत सचिवालय को गतिशील सेवा प्रदान करने वाले के रूप में तैयार करने के लिए विभाग द्वारा कई योजनाओं की शुरू की गयी हैं। इसके तहत भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम ने चिट्ठी जारी कर ग्रामसभा के माध्यम से पंचायत सहायकों का चयन कराया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव ने पंचायत स्वयंसेवक से पंचायत सहायक के रूप में चयन किये जाने पर झारखंड सरकार एवं भवनाथपुर बीडीओ को बधाई देते हुए कहा कि अब पंचायत स्तर पर होने वाली हर सरकारी योजना जरूरतमंदों तक पहुंचेगी। किसी को ब्लॉक की चक्कर नहीं काटनी पड़ेगी। कैलान पंचायत में ग्रामसभा कर रहे पंचायत सचिव सतीश सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवालय को पंचायत सहायक के रूप में चार कर्मी मिल जाने से कार्य में तेजी आयेगी। मौके पर पंचायत के मुखिया सुकनी देवी, उपेंद्र यादव, नागेंद्र सिंह, रघुवंश यादव, हरिदास सिंह, रोहित यादव, शंभू साह, राम सूरत यादव के अलावे कई लोग मौजूद थे।

# तीन शोकाकुल परिवारों से मिले पूर्व मंत्री मिथिलेश, बंधाया ढाढ़स

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को मेराल थाना क्षेत्र के अकलबानी गांव और कांडी थाना क्षेत्र के अधौरा गांव, चंद्रपुरा गांव का दौरा किया। उन्होंने वहां हाल ही में हुई तीन दुखद घटनाओं में दिवंगत लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

**दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन सिंहा के परिजनों से मिले :** पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर अधौरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन सिंहा के घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। पत्रकार आशुतोष रंजन सिंहा की हाल ही में आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी, जिससे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। मंत्री ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि उनकी लेखनी और व्यवहार हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। दुःख की इस घड़ी में मंत्री ने आशुतोष रंजन के परिवार की सहायता के लिए 1 लाख रुपये का चेक और श्राद्ध कार्यक्रम के लिए नकद 25 हजार रुपये प्रदान किये। इसके अलावा, उन्होंने परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का आश्वासन भी दिया।

**सड़क हादसे में जान गंवाने वाले जितेंद्र मिश्रा के घर पहुंचे मंत्री :** पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल थाना क्षेत्र के अकलबानी गांव निवासी जितेंद्र मिश्रा (50) के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। गौरतलब है कि 3 फरवरी को गढ़वा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर झूरा गांव के पास एक सड़क हादसे में उनकी मौत हो गयी थी। मंत्री ने उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया।

**मृतक राहुल तिवारी उर्फ मिट्ठू के घर पहुंचे मंत्री :** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने हाल में सहिजना के पूर्व वार्ड पार्षद सत्यवती देवी के पुत्र के निधन के बाद उनके गांव कांडी थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव पहुंचे। और मृत परिवार को सांत्वना दिया। साथ ही ढांढस बांधा।

**शोकसभा में कई गणमान्य लोग रहे मौजूद :** इस दौरान मंत्री के साथ ज़िला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रवक्ता धीरज दुबे, अध्यक्ष तनवीर, सचिव मनोज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मन चंगा तो कठौती में गंगा: मिथिलेश

**मेराल में कई जगह धूमधाम से मनाया गया गुरु रविदास की जयंती**

**सामाजिक और आर्थिक बराबरी के पक्षधर थे गुरु रविदास : रघुराई राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड भर में कई जगह गुरू रविदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के छव आना टोला में रविदास विकास मंच की ओर से संगबरिया में रविदास समाज कल्याण संघ के तत्वाधान में तथा बौराहा और खोरीडीह में आयोजित जयंती समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरु रविदास को स्मरण करते हुए कहा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी एक प्रसिद्ध कहावत की तरह प्रयोग किया जाता है। जब कोई बाहरी आडंबर की बजाय दिल से अच्छा काम करने की बात करता है, तो यह कहावत प्रयोग की जाती है। उनके जोर देकर कहा कि गुरु रविदास के विचारों पर चलकर ही सामाजिक समरता हासिल किया जा सकता है। संगवरिया में एससी एसटी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने गुरु रविदास जी का चौपाई 'ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबों को अन्न। छोट बड़ा सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न।' से स्पष्ट हो जाता है। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि गुरु रविदास सामाजिक और आर्थिक बराबरी के पक्षधर थे, उनकी यह बातें आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम को झामुमो नेता जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खां, डॉ अनिल साह, मनोज ठाकुर, वीरेंद्र प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया। यहां के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया संजय राम, पूर्व शिक्षक लक्ष्मी राम, शिक्षक भरदुल राम, अलियार राम सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# कन्या विवाह सोसायटी ने डंडई में किया भिक्षाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली के नेतृत्व में 351 कन्याओं को सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरूआत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। इस दौरान उनके द्वारा डंडई मुख्य बाजार ,पुरानी बाजार के साथ-साथ गांव के अन्य टोलों में भ्रमण कर ग्रामीणों से आर्थिक सहयोग प्राप्त किया गया। साथ ही 19 फरवरी को शादी समारोह में भाग लेने के लिए लोगो को निमंत्रण भी दिया गया। इस अवसर पर विकास माली ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर सभी जाति धर्म की, 351कन्याओं की शादी का संकल्प उन्होंने लिया है, जिसे सभी के सहयोग एवम आशीर्वाद से पूरा किया जाना है। इसी सिलसिले में वे गुरुवार को डंडई पहुंचे है। डंडई की जनता एवम जनप्रतिनिधियों ने जिस उदारता के साथ उनका सहयोग किया है। मौके पर दीनानाथ पांडे, आकाशदीप भारती, मुखीया प्रतिनिधि महेश्वर राम के साथ-साथ सोसाइटी के कई महिला पुरुष सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रंका में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ग्राम हुरदाग में गुरुवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। इस मौके पर मिथलेश ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा बनाया गया संविधान दुनिया का सबसे अनोखा संविधान है, जो सभी वर्गों को सम्मान अवसर प्रदान करता है। किंतु आज बाबा साहब के संविधान पर खतरा मंडराने लगा है। संविधान विरोधी लोग बाबा साहब के संविधान को बदलने की बात करते हैं। श्रीठाकुर फेतल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल हुए और मैदान को सुंदरी करण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी बीडीसी रीना भारती जितेंद्र रवि सुनील रवि लखन राम मालती देवी वीससूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा अध्यक्ष दीपक सोनी खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह अनुमंडल युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, अनुमंडल अध्यक्ष, सहित काफी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०, चाईबासा रोड, खूँटी–835210
Email ID – jepkhunti@gmail.com

**मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खूँटी जिला में संचालित 03 CM SOE (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय)–
1- District CM SOE, KHUNTI
2- CM SOE GIRLS, KHUNTI
3- CM SOE KGBV, KARRA में शैक्षणिक वर्ष 2025–26 हेतु नामांकन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 20.02.2025 तक संबंधित विद्यालय में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते है। नामांकन हेतु आयोजित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी।

PR.NO.346337 District(24-25):D

**JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001603)**
Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of works and having sound financial status for the works mentioned below:

| Sl. No. | NIT No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/PR/JUVNL/24-25 | Round the clock guarding, House Keeping, Catering & Management contracts at residential office-cum-Corporate Guest House presently at 9, Navjeevan Vihar, Malviya Nagar, New Delhi-17 for the period of 1 (one) year | 38,43,332/- (Approx. P.A) | 76,900=00 | 10000.00+18% GST Extra= 11800=00 | 365 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 17.02.2025 at 05.00 PM to 10.03.2025 up to 3.00 PM |
| Bid Submission start date of e-tender | 17.02.2025 at 05.00 PM |
| Bid Submission End date of e-tender | 10.03.2025 at 03.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 11.03.2025 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM (P &GA), JUVNL,Engineering Building, H.E.C., Dhurwa,Ranchi – 834 004 Contact No. – 0651-2400908 |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The tenders will be received through electronic tendering mode only. Tender Fee (Cost of BOQ, Non-refundable) and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through **online mode.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM (P & G.A)
JUVNL

PR 346401 (Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd)24-25*D

## नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में गढ़वा एक बार फिर अव्वल

# कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**वर्ष 2023-24 में भी गढ़वा को एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर शीर्ष में मिला था 3 करोड़ की सम्मान राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नीति आयोग के प्रदर्शन सूचकांक में गढ़वा जिला अव्वल रहा। कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर गढ़वा जिला को नीति आयोग की ओर से 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किया। नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कृषि और जल संसाधन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार राशि प्रदान की गयी।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पाँच प्रमुख क्षेत्रों में जिलों की प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त संसाधन (पुरस्कार राशि) प्रदान किये जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। गढ़वा जिले को यह पुरस्कार मार्च 2024 में किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम में गढ़वा जिले ने सभी पांच विषयों - स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, और बुनियादी ढांचा में फरवरी 2024 की तुलना में मार्च 2024 में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, कृषि एवं जल संसाधन क्षेत्र में जिले की प्रगति उल्लेखनीय रही है। फरवरी 2024 में गढ़वा इस क्षेत्र में 26वें स्थान पर था, जबकि इसमें सुधार लाते हुए मार्च 2024 में सीधे द्वितीय स्थान पर पहुंच गया।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गढ़वा जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार जिला प्रशासन की मेहनत और प्रयासों तथा आमजनों के सकारात्मक सोच और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता का परिणाम है। उपायुक्त श्री जमुआर ने जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और विकास में पारदर्शिता बनाये रखने का प्रमाण है। इस सफलता ने गढ़वा जिले को राज्य और देशभर में एक नयी पहचान दिलायी है।

## बेरोजगार युवाओं को नौकरी दे राज्य सरकार : डॉ टी साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक सह समाजसेवी, झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के मुख्य संरक्षक, झारखंड प्रदेश तेली महासभा, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, जय श्री राम समिति के संरक्षक डॉ टी साहू ने झारखंड सरकार से बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने की मांग की है। डॉ टी साहू ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार युवाओं को रोजगारोन्मुख करने की दिशा में कार्य करें ताकि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा को सही दिशा मिल सके। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के कारण युवाओं को कोई भी पिता अपनी बेटी नहीं देना चाहता है जिसके कारण युवा डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उन्हें डिप्रेशन से मुक्त कराने के लिए कारगर उपाय करने की जरूरत है। बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा परेशान हैं। उन्हें रोजगार देकर अपने वादे को सरकार पूरा करे। उन्होंने कहा कि संविदा पर नियुक्त युवाओं को भी शादी के लिए कोई लड़की देने को तैयार नही होते हैं। ऐसी स्थिति में युवाओं की उम्र बढ़ते चली जा रही है। सही उम्र में शादी नही होने के कारण वे मानसिक तनाव में जा रहे हैं। तनावग्रस्त होकर युवा कोई गलत कदम नही उठा ले ऐसा डर युवाओं के अभिभावकों को हमेशा लगा रहता है। अभिभावक परेशान हैं कि कैसे हमारे बच्चों का भविष्य सुधरेगा। अगर सही समय पर रोजगार नही मिल पाया तो उनकी सही उम्र में विवाह नही हो पायेगी। ऐसी स्थिति में अगर कोई युवा गलत कदम उठा लेता है तो इसकी जिम्मेदारी किसके ऊपर होगी। इन सभी सोच के कारण हम सरकार से बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओं को नौकरी देने की मांग सरकार से कर रहे हैं।

# हथियार के बल पर शराब दुकान से लाखों की लूट, अपराधी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के एसबीआइ रोड स्थित शराब दुकान में गुरूवार की संध्या साढ़े पांच बजे अज्ञात अपराधियो ने पिस्टल की नोंक पर शराब दुकान से लगभग एक लाख रूपये नकद लूट कर फरार हो गये। अपराधियो ने रुपये के साथ-साथ शराब दुकान से शराब की आठ दस बोतल भी साथ लेते गये।

घटना की सूचना मिलते ही थानेदार शशि कुमार सदलबल शराब दुकान पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वही अपराधियो की धरपकड़ के लिए कार्रवाई शुरू कर दिया। शराब दुकान कर्मी चेतन और विक्रम ने घटना के बावत में बताया कि प्रतिदिन की तरह शराब दुकान खुला था। संध्या साढ़े पांच बजे के लगभग लाल रंग के अपाची बाइक मे सवार तीन अपराधी चेहरा ढके शराब दुकान में आ धमके। दुकान मे कार्यरत विक्रम के कनपटी पर पिस्टल सटा कर दुकान में विक्री के एक लाख रूपये सहित शराब की आठ दस बोतल भी लेकर चलते बने। जब तक घटना के बारे में शराब दुकानदार आस-पास के लोगो को बतातें अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये।

बताते चले की उक्त शराब दुकान में बीते वर्ष दो बार फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त जगह पर शराब दुकान असुरक्षित रहने के बावजूद उत्पाद विभाग शराब दुकान को स्थानांतरित करने के संबंध में कोई पहल नहीं किया गया। नतीजतन शराब दुकान मे बार-बार अपराधिक घटना का अंजाम देकर अपराधी बड़े आराम से चल निकलते है। इधर घटना के आस पास के लोगो भी हडकंप व्याप्त है। इधर पुलिस का दावा है कि अपराधी जल्द पकड़े जायेंगे।


घटना के बाद शराब दुकान पर जांच करते पुलिसकर्मी।

## नंदलाल उच्च विद्यालय में 76 विद्यार्थी रहे उपस्थित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा गुरुवार को हुआ। वही परीक्षा कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं मैट्रिक परीक्षा आयोजित करने के लिये प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नंदलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे एक ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा हुआ। वहीं नंदलाल उच्च विद्यालय अरु प्लस 2 स्थित परीक्षा केंद्र में 77 विद्यार्थियों में से 76 छात्र-छात्राओं ने गृह विज्ञान का परीक्षा दिया। गृह विज्ञान की परीक्षा में एक छात्र अनुपस्थित रहा। पर्यवेक्षिका सीमा नैंसी लकड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिये झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा प्राप्त गाइड लाइन अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। जिस निमित परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया। मौके पर दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव कुमार एवं मेराज अंसारी,सुनीता देवी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआइ गोवर्धन तुरी दल बल के साथ मौजूद थे।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का दिया निर्देश




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रेशमा रेखा मिंज बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों की दी जाने वाली सुविधा हो या प्रबंधन समिति को विद्यालय संबंधी समस्या से अवगत के साथ ही समाधान हेतु आये दिन विद्यालय हो आगनबाड़ी का निरीक्षण करते रहती हैं। इसी आलोक मे गुरुवार को प्रखंड के मंगरा पंचायत स्थित हिंदेहास आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि हिंदेहास आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों की कम उपस्थिति को देखते हुए उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये गये और सेविका अशोगा देवी को फटकार लगायी। साथ ही नियमों के तहत केंद्र का संचालन करने का सख्त निर्देश बीडीओ ने दिया। जांच के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र पर काफी अनियमितता पायी गयी। जिसे लेकर शोकॉज किया गया है।

# कराटे खिलाड़ियों से मिले डीसी उज्ज्वल भविष्य की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जनवरी-फरवरी माह में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में जीत कर लौटे कराटे खिलाड़ियों ने उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

खिलाड़ियों और कोच को उपायुक्त और उप विकास आयुक्त द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। लोहरदगा जिला की कराटे टीम अपनी जीती हुई ट्रॉफी के साथ मौजूद रही। इस मौके पर खिलाड़ियों ने अपने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के अनुभव साझा किये।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर हर संभव सहायता खिलाड़ियों को दी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क कोचिंग कराटे, कुश्ती, क्रिकेट आदि खेलों के लिए दी रही है। खेल के मैदान पोटो हो खेल विकास योजना के तहत बनाये जा रहे हैं और वहाँ चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था दी जा रही है। आप सभी ऐसे बेहतर खेल का प्रदर्शन करते रहें और आगे बढ़ते रहें। कार्यक्रम में कोलकाता में जनवरी माह में आयोजित पद्मश्री विमल रॉय खुली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला के खिलाड़ी मौजूद रहे, जिन्होंने आठ स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक और 13 कांस्य पदक हासिल किये थे। वहीं फरवरी माह में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को भी सम्मनित किया गया जिसमें 17 खिलाड़ियों ने 24 पदक हासिल किये थे। इस मौके पर लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसई अमित कुमार सिंह, सीएम उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुजरा की वार्डन मेनका प्रजापति और सीएम उत्कृष्ट कस्तूरबा बालिका विद्यालय कुडू की वार्डन राखी कुमारी मौजूद रहीं।

## बाइक की टक्कर से एक की मौत, प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा कोरांबे मुख्य सड़क पर बुधवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक खटिया बिक्री करने वाले व्यक्ति की मौत हो गयी थी। मृतक व्यक्ति की पहचान मध्यप्रदेश के जिला नीमच निवासी नातू बंजारा के पुत्र बंसी बंजारा के रूप में हुई थी। वही मृतक के समधी प्रकाश बंजारा के आवेदन पर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कारवाई किया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक बंसी बंजारा मध्य प्रदेश से आकर गांवो में घूम कर खाट बेचने का काम करता था। वह बुधवार को अपने बाइक से खटिया बेच कर कंडरा की ओर लौट रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा टीवीएस लूना सवार युवक से जबरदस्त टक्कर हो गया था। जिससे बंसी बंजारा की मृत्यु हो गयी। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर किया जा रहा है।

## बीडीओ ने पीएम जनमन और अबुआ आवास का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत में संचालित अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर गुरुवार को बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में मंगरा पंचायत में कुल 77 अबुआ आवास का लक्ष्य दिया गया है। जिसमे 34 लाभुको को हीं प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। बीडीओ ने शेष योग्य लाभुको का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री आवास जनमन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024/ 25 में कुल 85 आवास का लक्ष्य मंगरा पंचायत को मिला है। जहां पंचायत में लंबित आवास योजना का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने लाभुकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। लाभुक द्वारा आवास का राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले को एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को सख्त निर्देश दिया गया है। इसके पश्चात भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं बीडीओ द्वारा मंगरा पंचायत के हिंदेहास,अमडीहा, मुर्गिडीह आदि गांवों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव समेत आदि लोग शामिल थे।

## सहायक अध्यापक का सड़क दुर्घटना में निधन


जगदीश उरांव की फाइल फोटो।

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघर्ष मोर्चा प्रखंड चंदवा के वरिष्ठ शिक्षक जगदीश उरांव की विगत मंगलवार को शाम छः बजे दामोदर से अपने घर जाने के क्रम मे अज्ञात वहन के चपेट मे आने से घायल होने पर उन्हें सामुदायिक स्वस्थ केंद्र चंदवा लाया गया प्राथमिक उपचार के उपरांत गंभीर चोट के करण उन्हे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान सुबह 9 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। मौत की सूचना मिलने पर प्रखंड के सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक) में शोक की लहर आ गयी। सूचना मिलते प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद सचिव गोविंदा कुमार बिगन राम रांची हॉस्पिटल पार्थिव शरीर को लाने पहुंच गये बुधवार को करीब पांच बजे उनका शव उनके पैतृक आवास जोविया लाया गया। पारा शिक्षक संघ की ओर से उन्हे ससम्मान पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दिया गया। गांव पहुंचते ही लोगों का होजूम उमड़ पड़ा जिसमे सैकड़ों पारा शिक्षक उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** तोड़ार ग्राम स्थित नहर के समीप नाले में ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गयी। जबकि दूसरा युवक ट्रैक्टर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत स्थित तोड़ार ग्राम के समीप फुलझर नहर के पास नाले में अनियंत्रित हो खाली ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति का मौत घटना स्थल पर हो गया। जबकि दूसरे व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के पहल से एंबुलेंस 108 के माध्यम से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वही घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार,एस आई मनीष कुमार और एएसआइ दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गये। मृतक की पहचान बगडू थाना क्षेत्र के महुगांव निवासी असंभर लोहरा का पुत्र नकुल लोहरा तथा घायल का पहचान गणेश लोहरा का पुत्र सुमन लोहरा के रूप में किया गया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रतर करवाई में पुलिस जुट गयी है।

## सड़क पर गंदे पानी के बहाव से राहगीर परेशान, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर के पीछे वाली पीसीसी सड़क में पानी बहाव होने से आने जाने वाले राहगीरों व इस मोहल्ला के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। क्षेत्र के राज किशोर गुप्ता, बसंत तिवारी, भोला प्रसाद, रीता देवी, रितु राज रंजन, शिला देवी, ओमप्रकाश कुमार समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में राज किशोर गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला के कुछ लोगों ने पीसीसी सड़क में मिट्टी से मार्ग अवरूद्ध कर दिया है। जिससे सड़क में घरों का गंदा पानी जमा हो गया है। अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में आसपास के कई लोगों द्वारा अपने घरों के लैट्रिन पानी भी बहाव किया जा रहा जिससे हमेशा दुर्गंध आते रहता है। गंदा पानी जमा होने के कारण पीसीसी सड़क में चलना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने संबंधित सीओ व थाना प्रभारी से अविलम्ब कार्रवाई का अनुरोध किया है।

## मारपीट मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत सीठियो गांव में बीते वर्ष मारपीट की घटना हुई थी। जिस मामले में फरार चल रहे आरोपियों को सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पर एएसआइ असरफी बहेलिया द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार कर तीनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 107/24 दिनांक 25 दिसंबर 2024 को मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें सीठियो कल्हु टोली निवासी कुलेश्वर साहू का पुत्र शिव प्रकाश साहू, मथुरा साहू का पुत्र सुलेश्वर साहू और कुलेश्वर साहू आरोपी थे। जिसे सभी लोग फरार चल रहे थे। वही गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

# अवैध चिप्स लदा हाइवा जब्त, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक मोड़ के निकट गुरुवार अहले सुबह अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन विभाग ने एक हाइवा वाहन को जब्त कर लिया। जब्त वाहन अवैध रूप से चिप्स (क्रशर से निकला पत्थर) का परिवहन कर रहा था। विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान वाहन को रोका और कागजात की मांग की, तो चालक पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए खनन निरीक्षक ने हाइवा को जब्त कर सदर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करा दिया। डीएमओ राजाराम प्रसाद के निर्देश पर खनन खनन निरीक्षक ने इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया है। खनन विभाग द्वारा लगातार अवैध खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने से इस अवैध धंधे में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने इस संदर्भ में कहा कि, यह कार्रवाई खनिज अधिनियम के तहत की गयी है। आगे भी इस तरह के अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कदम उठाये जायेंगे। विभाग लगातार अभियान चला रहा है। जिससे, अवैध कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। ताबड़तोड़ कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन और खनन विभाग की यह मुहिम जारी रहेगी, ताकि खनिज संसाधनों की चोरी और गैर-कानूनी कारोबार पर पूरी तरह रोक लगायी जा सके। इस संबंध में डीएमओ ने कहा कि जिले में अवैध खनन और परिवहन को नियंत्रित करने को लेकर बुधवार रात्रि 11:00 से सुबह 5 बजे तक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। सुबह-सुबह 5:30 बजे अवैध चिप्स लोडेड हाइवे जब्त किया गया। मामले पर सदर थाना में मामला दर्ज करा कर खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## एनएसयूआइ के प्रयास से बीपीएल विद्यार्थियों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बीएस कॉलेज लोहरदगा में बीपीएल कार्ड के अंतर्गत नामांकन लिए छात्र-छात्राओं को भी अब मिलेगा छात्रवृति। वर्ष 2019 से पूर्व पुराने सत्र के अध्यनरत छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति का लाभ ले रहे थे। लेकिन वर्ष 2019 के बाद नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद बीपीएल के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थीगण छात्रवृत्ति से वंचित हो गये थे। इसके अंतर्गत आने वाले विद्यार्थी इस मामले को लेकर छात्र संघ एनएसयूआइ प्रदेश अध्यक्ष श्री विनय उरांव से संपर्क किए। इस पर विनय उरांव ने कार्रवाई करते हुए कॉलेज प्रशासन से बात कर जानकारी ली। विनय उरांव ने त्वरित निर्देशित किया कि इस तरह की गलती को आंतरिक जांच करते हुए यथाशीघ्र सुधार कर पुनः विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाये।

# चपरी-मजूरमरी सड़क निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता





**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के चपरी मजूरमरी पीसीसी सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरतते हुए निम्न स्तर का सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जिसे लेकर आसपास के ग्रामीणों का जोरदार विरोध है। गुरुवार को सड़क निर्माण स्थल में ग्रामीणों पहुंचकर घटिया निर्माण कार्य का जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से संबंधित संवेदक पर कार्रवाई की मांग किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से आरयू विभाग द्वारा चपरी मेलाटांड़ मुख्य सड़क से मजूरमरी तक एक किलोमीटर से अधिक का पीसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें विरोध करने वाले ग्रामीण अनातसीया कंडुलना, अन्ना भेंगरा, जैसमेंन सोय, अमृत सोय, पोलिना सोय, अजित सोय, रंजीत सोय, अजय राम, राणा राम, राजेश कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने निम्न स्तर का सड़क बनायी जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में नियम को अनदेखी कर धूल रहित बालू जिसमें निम्न स्तर का सीमेंट नाम मात्र का बड़े बड़े साइज मेटल देकर ढलाई किया जा रहा है। इसके साथ बनायी गयी सड़क में पानी का भी छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सबसे मजेदार बात यह है कि पीसीसी सड़क निर्माण कार्य बिना अभियंता की उपस्थिति में ग्रामीण मुंशी देखरेख में हो रहा है।

**एजेक्स वाहन से बनाया जा रहा है ढलाई का मसाला**

वहां मौजूद मजदूरों ने बताया कि एजेक्स वाहन मे 17 बोरा सीमेंट डाला जा रहा है और उसके अनुरूप चिप्स और बालू डाला जा रहा है। लेकिन एजेक्स वाहन के जानकार बताते है। अगर एम 15 के अनुरूप भी अगर मेटेरियल बनाया जाता तो 24 बोरी सीमेंट कम से कम मशीन में डाला जाता। ये तो गुणवत्तापूर्ण कार्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। वही दूसरी और पूर्ण गुणवत्ता की बात की जाये तो एम 20 के अनुरूप 28 बोरी सीमेंट एक एजेक्स वाहन मे मसाला बनाने में लगेगा।

## हाथियों के झुंड ने तिलसिरी में डेरा जमाया

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** हाथियों के झुंड को भरनो प्रखंड क्षेत्र में खदेड़ने के बाद यह झुंड पुनः भंडरा के तिलसिरी गांव में डेरा जमा लिया है। करीब डेढ़ दर्जन हाथियों को ग्रामीणों ने बुधवार शाम खदेड़ कर भरनो प्रखंड क्षेत्र में छोड़ दिया था। लेकिन गुरुवार अहले सुबह सभी हाथी वापस लौट कर तिलसिरी गांव पहुंच गये। फिलहाल गांव के पतरा में सभी हाथी डेरा जमाये हुए हैं। इस बीच हाथियों द्वारा फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया। बताया जाता है कि इस झुंड में हाथी का एक बच्चा भी है और एक हाथी बच्चे को जन्म देने वाली है। संभवतः इसी वजह से हाथियों ने गांव के सुरक्षित स्थान पर डेरा जमाया है।

# अनुमोदन समिति की बैठक में 37 आवेदनों को दी गयी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में 'मिशन वात्सल्य' अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन-पोषण देखरेख अनुमोदन समिति एसएफसीएसी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम के द्वारा समिति के सदस्यों को जानकारी दी गयी कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन पोषण देखभाल अनुमोदन समिति के द्वारा लातेहार जिला अंतर्गत एकल माता के बच्चों, अनाथ बच्चों, एचआइवी पीड़ित बच्चों, दिव्यांग जनो के बच्चों आदि को 4000 प्रतिमाह का आर्थिक सहयोग 3 वर्षों तक अथवा बच्चों के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक लाभ दिया जाता है। वर्तमान में उक्त योजना से 209 बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे है। बैठक में समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए कुल 37 आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित कुल 37 आवेदनों को समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया, जिनमें देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को लाभ प्रदान किया जायेगा। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
09

## फ्लाई एश लदा ट्रक जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** फ्लाई एश से पूरे कोडरमावासी तो परेशान हैं ही अब इसका प्रभाव पेड़-पौधों और जंगली जीवों पर भी पड़ने लगा है। पहले तो वह विभाग ने जंगल स्थित खदानों को फ्लाई एश से भरने की अनुमति दी, पर अब जंगलो में फ्लाई एश गिराने वाले वाहनो के विरूद्ध कार्रवाई करना शुरू कर दिया गया है। विगत 11 फरवरी को फ्लाई एश को जंगल में गिराने के दौरान एक ट्रेलर-ट्रक (बीआर01जीजे 2161) को जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार की ओर फ्लाई एश लेकर जा रही ट्रेलर के चालक द्वारा कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी के कोडरमा घाटी स्थित जनसोती नाला के समीप जंगल के किनारे आंशिक रूप से खाली किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते हीं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी की टीम द्वारा एश लदे उपरोक्त ट्रेलर ट्रक को जप्त कर लिया गया। चालक भागने में सफल रहा। मामले को लेकर प्रभारी वनपाल मो उसमान अंसारी द्वारा व्यवहार न्यायालय में केश दर्ज कराया गया है।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में युवक की मौत, चार घायल

## घायलों में एक की हालत गंभीर, मामला दर्जकर पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद/विश्रामपुर।** हुसैनााद के जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के खादी ग्रामोद्योग के समीप बाइक की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने निशांत कुमार चौहान उर्फ विशाल नामक 22 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा गांव का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में घायल जपला हरिहर चौक निवासी रोहित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं, प्राची कुमारी का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। जानकारी के अनुसार निशांत जपला शहर के एक टेंट हाउस में मजदूरी का काम करता था। वह बुधवार की देर शाम अपनी बाइक से जपला से वापस घर जा रहा था। तभी एक अन्य बाइक से टक्कर हो गयी और वह सड़क पर गिर गया। तभी तेजी से जा रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। दूसरी ओर, विश्रामपुर के बीमोड़ चौक पर गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो छात्राएं घायल हो गयी। दोनों विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय में मैट्रिक की परीक्षा देने बाइक से जा रही थी। इसी बीच बीमोड़ के पास अज्ञात वाहन धक्का मारते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में केतात गांव निवासी बंधु राम की पुत्री खुशी कुमारी व गोरख राम की पुत्री साजन कुमारी घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने दोनों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया जहां उनका इलाज किया गया। इधर, उक्त दोनों के इलाज में जिला योजना समिति सदस्य सह निवर्तमान पार्षद संजय बैठा ने भी सहयोग किया।


घायल छात्राओं का इलाज करते चिकित्सक।

# रासायनिक आपदा से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल

## बेहतर काम कर रही एनडीआरएफ की टीम : हितेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन एवं बिहार के पटना एनडीआरएफ की 9वीं वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज में केमिकल, बॉयलोजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर/केमिकल डिजास्टर (रसायनिक आपदा) पर मॉक ड्रिल किया गया। आपदा पूर्व जागरूकता एवं तैयारी को लेकर किए गए मॉक ड्रिल ग्रासिम इंडस्ट्रीज में क्लोरिन गैस के रिसाव के उपरांत वहां कार्यरत कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभिक रूप से बचाव व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने में तत्परता बरतते हुए सुरक्षित बचाने का प्रदर्शन किया गया। वहीं एनडीआरएफ की टीम के विशेषज्ञों द्वारा गैस रिसाव को बंद करते हुए सील किया गया और गैस से प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। मॉक ड्रील के माध्यम से कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार करने एवं उनके बीच की प्रतिक्रिया का आकलन किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर रहने, सुरक्षित निकलने, आपातकालीन स्थिति में प्रभावित कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने, कर्मचारियों में घबराहट की स्थिति नहीं आने व फैक्ट्री की संपत्ति की क्षति भी कम से कम हो आदि के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक यंत्रों का सही इस्तेमाल आदि के बारे में जानकारी दी गयी। कंपनी के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि पहले देश में आपदा के समय केवल सेना को लगाया जाता था, लेकिन भारत सरकार ने इससे निपटने के लिए एनडीआरएफ का गठन कर बहुत बाड़ा काम किया। आज देश में कोई भी आपदा आ जाए वहां एनडीआरएफ उस मुश्किल परिस्थितियों में बेहतर काम कर रही है। कहा कि हमारी कंपनी में समय-समय पर फायर सेफ्टी और केमिकल सेफ्टी से बचाव के लिए हमेशा मांक ड्रील का आयोजन होते रहता है। जिससे यहां काम करने वाले कर्मचारियों इस तरह की आपदा आने से आसानी पूर्वक निपट सकें। इस मॉक ड्रील में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, विश्रामपुर के अंचल पदाधिकारी राकेश तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, एनडीआरएफ के एसआई सूरज कुमार के अलावा रेहला थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर की टीम एवं ग्रासीम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, हरदीप कोहली, शिवम पाठक, दीपक शर्मा, महेंद्र संचालन, लाईजन हेड नितीश पाण्डेय, विकास कुमार, सीएसओ विपिन दीक्षित, रेहला थाना प्रभारी दीप नारायण एवं ग्रासिम इंडस्ट्रीज के फायर एंड सेफ्टी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** नारी सशक्तिकरण एवं शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की भव्य तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आगामी 20 फरवरी से सतबरवा प्रशिक्षण स्कूल के मैदान में महायत्र शुरू होगा। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर भव्य पांडाल बनाये जा रहे हैं। महिला मंडल की ओर से कुंडों का निर्माण एवं कार्यक्रम स्थल की सजा सज्जा की जा रही है। गायत्री परिवार महिला मंडल की ओर से सतबरवा प्रखंड-1 के विभिन्न गांव में अन्न एवं धन के लिए भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पुरुष मंडली निमंत्रण एवं कार्यक्रम की जानकारी गांव-गांव पहुंचा रहे हैं। यज्ञ में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आने वाली टोली 20 फरवरी के कलश यात्रा निकाल कर कलश स्थापना करेगी। 23 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ में शांतिकुंज की टोली द्वारा प्रातः काल से हवन पूजन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संजय कुमार, विनोद चौधरी, सतनारायण मेहता, सुभाष, सुनील गांधी, वीरेंद्र साहू, श्याम बिहारी प्रसाद शिक्षक, कमलेश प्रसाद, कंचन देवी, रामशिला देवी, संध्या देवी, अंजू देवी और सुशील गुप्ता आदि दिन-रात जुटे हैं।

# महुअरी पंचायत का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता में है: सरिता कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के ग्राम पंचायत महुअरी अंतर्गत झरहा गांव में सुरेंद्र सिंह के घर से लवकुश सिंह के घर तक 15वें वित्त से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सरिता कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता में है। महुअरि पंचायत के हर गांव में विकास योजनाओं व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, राजेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सुधीर सिंह, कुंदन कुमार सिंह, अमित सिंह, मंटू सिंह, गुड्डू सिंह, बादल सिंह, अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

# बिजली चोरी कर रहे आठ लोगों के घर छापामारी, 1.26 लाख का लगा जुर्माना

**सभी आरोपित के खिलाफ बिजली विभाग ने दर्ज करवायी प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर जपला अवर विद्युत प्रमंडल के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी करने वालों के खिलाप छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान आठ लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिनपर प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है। इसमें रविकांत चौधरी पर 12000, गरीबन राम पर 50 हजार, नारायण सिंह पर 10 हजार, राजेंद्र मेहता पर 20 हजार राकेश पाल पर 12 हजार, मनोज यादव पर 10 और बृजदेव मेहता पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगा है। लगे हाथ सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी बी दर्ज करायी है। हुसैनाबाद के थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं, छापामारी दल में मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, राजकुमार यादव एवं संतोष कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# झामुमो को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को मिलकर कठिन परिश्रम करना होगा: बेबी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडारीदह।** राज्य की पूर्व मंत्री बेबी देवी के अलारगो गांव में गुरुवार को झामुमो की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रमुख संयोजक राज कुमार महतो की अध्यक्षता में चलाये गए इस अभियान में बोकारो जिला संयोजक प्रमुख डॉ रतन लाल मांझी एवं चन्द्रपुरा प्रखंड पर्यवेक्षक जयनारायण महतो शामिल हुए। यहां अलारगो पंचायत कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मोहम्मद अजमूल अंसारी, उपाध्यक्ष सोहन मांझी, सोनू बर्णवाल, सचिव जितेंद्र पुरी, उपसचिव दयाल तुरी, अवध पांडेय, हीरालाल तुरी, कोषाध्यक्ष शंकर हेम्ब्रम, संगठन सचिव धनंजय कोडा, उपसंगठन सचिव सुभाष हेम्ब्रम एवं सुरेश महतो के अलावे 11 कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। पूर्व मंत्री बेबी देवी एवं संयोजक प्रमुख ने सभी चयनित पदाधिकारियो बधाई देते हुए झामुमो के संदेश को घर-घर पहुंचाने की अपील की। बेबी देवी ने कहा कि झाममुो को और सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कठिन परिश्रम करने होंगें। वहीं, नव चयनित अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने कहा कि पार्टी के प्रमुख नेताओं द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उसे ईमानदारी पूर्वक पूरा करेगें। पार्टी को सशक्त बनाने के लिए कठिन परिश्रम करेंगें। इस मौके अखिलेश महतो, यदू महतो, राजकिशोर पुरी, भुनेश्वर महतो, रामेश्वर शर्मा, अख्तर रजा, अब्दुल हकीम, शरीफ अंसारी, अमजद अंसारी, योगेश महतो आदि उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नवगाढ़ा ओपी क्षेत्र में बुधवार की रात बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ओपी प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी को सूचना मिली कि जीएनटी लागू होने के बाद भी बालू माफिया कोयल नदी से बालू का अवैध उत्खनन और ढुलाई कर रहे हैं। जिसके बाद सीओ औचक निरीक्षण के लिए कोयल नदी तट पर गये। इसी बीच एक बालू लदा ट्रैक्टर आते दिखा। जिसे जब्त कर नवगढ़ा ओपी को सौंप दिया। ओपी प्रभारी अनिल यादव अग्रेतर कार्रवाई कर रहे हैं। जब्त ट्रैक्टर राजेश गुप्ता का बताया जा रहा है।

# केतात पंचायत सचिवालय जाने को पहुंच पथ नहीं, हो रही परेशानी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केतात कला पंचायत सचिवालय में जाने-आने के लिये कोई पहुंच पथ नहीं है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। बतातें चलें कि केतात कला का पंचायत सचिवालय एनएच 75 किनारे स्थित है। मुख्य पथ से सचिवालय की दूरी मात्र 50 फीट है। जिसे तय करने के लिये कोई पहुंच पथ नहीं है। पंचायत कर्मी, प्रतिनिधि व ग्रामीणों को पगडंडी के सहारे पंचायत सचिवालय जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो पंचायत सचिवालय जाना नामुमकिन सा हो जाता है। वार्ड सदस्य अरविंद चौबे ने बताया कि रास्ता निर्माण के लिये सरकारी जमीन उपलब्ध है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा उसका अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके मापी के लिये अंचल कार्यालय को आवेदन भी दिया गया है। लेकिन मापी की तिथि निर्धारित नहीं की जा रही है। अंचल कार्यालय द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। बीडीओ भी इस मामले में संज्ञान नहीं ले रहे हैं। उन्होंने बीडीओ व सीओ से इस मामले का निपटारा कराते हुए पहुंच पथ बनवाने की मांग की है।

# लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लेजर पद्यति से गॉल ब्लाडर स्टोन का ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दूरबीन (लेजर) विधि से ऑपरेशन शुरू हो गया है। लक्ष्मी चंद्रवंशी हॉस्पिटल में गुरुवार को प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा गोल ब्लाडर स्टोन का सफल ऑपरेशन किया गया। मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि विश्रामपुर नप के डिहरिया गांव निवासी कसमुदीन अंसारी की पत्नी महिदान बीबी के गोल ब्लाडर में तीन वर्ष पुराना स्टोन था। जिसके इलाज में महिदान बीबी ने पूर्व में लाखों रुपये खर्च किया था। बावजूद इसके कहीं ठीक नहीं हो पाया। सब जगह से मायूस होकर वह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के लिये पहुंची। जांचोपरांत इस दनि उसका मुफ्त सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन प्रसिद्ध सर्जन डॉ राहुल सिंह व डॉ नीरज सिंह ने किया। डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि यहां आयुष्मान भारत योजना पूर्ण रूप से लागू है। अब यहां पांच लाख रुपये तक का सभी इलाज मुफ्त में होता। जिसमें जांच, दवा, उपचार से लेकर ऑपरेशन तक शामिल है। ऑथोर्पेडिक विभाग की ओर से सभी प्रकार की हड्डी संबंधित बीमारियों का इलाज व ऑपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध है। जिसमें फ्रैक्चर, घुटनों और रीढ़ की सर्जरी, जोड़ प्रत्यारोपण सहित कई जटिल ऑपरेशन शामिल है। स्त्री व प्रसूति विभाग द्वारा नॉर्मल डिलेवरी, सिजेरियन ऑपरेशन, गर्भाशय ऑपरेशन सहित महिला संबंधित सभी बीमारियों के इलाज के लिये विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम हॉस्पिटल में मौजूद है। डॉ कश्यप ने यह भी बताया कि सर्जरी विभाग द्वारा गोल ब्लाडर स्टोन, हर्निया, हाइड्रोसील, सिस्ट व ऑपरेंडिस, फिस्टुला, फिशर, बवासीर ऑपरेशन लेजर और स्टेपलर दोनों पद्धति से उपलब्ध है। इसके अलावा अत्याधुनिक उपकरणों से विभिन्न रोगों का जांच व इलाज की संपूर्ण सुविधा इस उपलब्ध है। मौके पर नीतीश कुमार, संदीप कुमार, अमर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ रविदास जयंती का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** प्रतिमा के विषर्जन के साथ ही संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह गुरुवार को संपन्न हो गया। विश्रामपुर नप मुख्यालय के वार्ड 16 में आयोजित रविदास जयंती के समापन से पहले सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व पत्रकार सहित अन्य गणमान्य लोगों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। जिसकी अध्यक्षता यदुनि राम व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। इसमें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला पार्षद विजय रविदास, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, वरीय बसपा नेता गोपाल राम ,वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, राजन पांडेय, इदरीस हवारी सहित दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रसिद्ध भोजपुरी गायक विजय बवाली, विजय पेंटर, आनंद चंद्रवंशी, रामजी राम, सीताराम, अनिल राम, रामचंद्र राम, गिरिवर राम, महाबीर राम, कन्हाई राम, सतेंद्र राम, सुदामा राम, असलम बहादुर, विनोद कुमार, रामनाथ राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना व पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी को सुनिश्चित करना उद्देश्य: वेंकटेश्वर




**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय शैक्षणिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम और मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख पूनम देवी ने किया। इसमें लोक भागीदारी और शिक्षा की आवश्यकता, नयी शिक्षा नीति, एनइआर (नेट एनरोलमेंट रेशियो) एवं जीइआर (ग्रॉस एंरोलमेंट रेशियो), पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका व दायित्व, विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन, छात्रों के ठहराव को सुनिश्चित करना, शून्य ड्रॉपआउट नीति, विद्यालय विकास में पंचायत की सहभागिता आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। बीपीओ वेंकटेश्वर प्रसाद ने कहा कि बोकारो डीसी के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करना है। इस दौरान उपस्थित सभी मुखिया ने अपने-अपने पंचायतों में गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालयों के समग्र सुधार के लिए अपने सुझाव भी साझा किया। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेब्रम, सीओ अभिषेक कुमार, सीडीपीओ, मुखिया जयलाल महतो, सुनीता देवी, नरेश विश्वकर्मा, उमेश महतो, विजय कुमार रवि, जयनाथ महतो, आरती देवी, रीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर महतो, शिरोमणि महतो आदि उपस्थित थे।

# मंत्री के काफिले की 3 गाड़ियां आपस में टकरायीं, बीडीओ समेत 5 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मंत्री के काफिले में चल रही 3 गाड़ियां आपस में टकरा गयीं। दुर्घटना में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) समेत 5 लोग घायल हो गये हैं। दुर्घटना गुमला के बसिया प्रखंड में हुई। झारखंड सरकार की कृषि सहकारिता एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बसिया दौरे पर जा रहीं थीं। जोलो जाने के दौरान मंत्री के काफिले में चल रही 3 गाड़ियां आपस में टकरा गयीं। इस दुर्घटना में बसिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुप्रिया भगत समेत कुल 5 लोग घायल हो गये। बीडीओ और अन्य कर्मियों को हल्की चोटें आयीं हैं। बसिया की बीडीओ की टाटा सुमो कार में



चल रहीं थीं। उनकी कार के आगे एक स्विफ्ट डिजायर कार चल रही थी। स्विफ्ट डिजायर कार क्षतिग्रस्त हो गयी है।

**जोलो गांव की ओर से जा रहा था काफिल, दुकई गांव में हुई दुर्घटना**

मंत्री का काफिला जोलो गांव की ओर जा रहा था। काफिले में गाड़ियों की लंबी कतार थी। इसी दौरान तुकई गांव स्थित स्कूल के समीप आगे जा रही एक कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। स्विफ्ट डिजायर के चालक को भी अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार में चल रही बसिया बीडीओ की कार ने सामने वाली कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षत्तिग्रस्त हो गये।

इस दुर्घटना में बीडीओ सुप्रिया भगत, बीडीओ के वाहन चालक जगपाल कुमार, जेएसएलपीएस के बनमाली साहू, रामजड़ी निवासी जितेंद्र कुमार भगत और ज्योति लकड़ा को चोटें आयीं हैं। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए वाहनों का काफिला रुक गया। सभी लोग गाड़ी में सवार लोगों का हाल-चाल लेने लगे।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले ईश्वर ने बचा लिया**

प्रत्याक्षदर्शियों ने कहा है कि 3 गाड़ियों में जबरदस्त टक्कर हुई है। ईश्वर की कृपा से गाड़ियों में सवार लोगों को सिर्फ चोटें आयीं हैं। काफिले में शामिल सभी गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज थी। यही वजह है कि ब्रेक लगाने के बावजूद कारों ने एक-दूसरे को टक्कर मार दी। हालांकि, मंत्री की गाड़ी आगे थी, इसलिए उनकी कार को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## हेरहंज में 4 एकड़ अवैध पोस्ता की फसल नष्ट

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लगातार पोस्ते की खेती को विनिष्ट किया जा रहा है। जिसमे 13 फरवरी 2025 को हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत छग्रराही, वनकिता, हुंडी के गैरमजरूआ एवं वन भूमि में लगे 4 एकड़ पोस्ते की फसल को विनिष्ट किया गया। इस कार्रवाई में हेरहंज पुलिस और आईआरबी के सशस्त्र बल की टीम ने ट्रेक्टर से हल चलाकर,लाठी और डंडों का उपयोग कर पोस्ते की फसल को नष्ट किया। इस अभियान का उद्देश्य गैरकानूनी पोस्ता खेती को रोकना और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना था। थाना प्रभारी श्री पवैया ने बताया कि पोस्ता की खेती करने वालों की पहचान की जा रही है और सत्यापन उपरांत सभी दोषियों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुमला में किसानों के सशक्तिकरण पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य सरकार किसानों और आम जनता के हित में निरंतर प्रयासरत है, और जरूरत है कि लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर सशक्त बनें। यह बातें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने गुमला दौरे के दौरान कहीं। वे एराउज संस्था द्वारा आयोजित संत इग्नेशियस उच्च विद्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।

मंत्री श्रीमती तिर्की ने कहा कि उनका यह दौरा विशेष रूप से किसानों की स्थिति का आकलन करने और उनके सशक्तिकरण की संभावनाओं को समझने के लिए था। उन्होंने गुमला जिले में कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में किये जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना की और किसानों से आग्रह किया कि वे परंपरागत खेती से आगे बढ़कर समूह बनाकर



संगठित खेती करें। साथ ही, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी अन्य आजीविका योजनाओं का लाभ उठायें।

उन्होंने कहा कि समूह आधारित खेती से किसानों को न केवल उचित बाजार मूल्य मिलेगा, बल्कि विपणन की सुविधाएं भी बढ़ेंगी। कुछ स्थानों पर इस मॉडल को अपनाने से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने एराउज संस्था के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और पलायन रोकने के प्रयासों में भी संस्था के योगदान की प्रशंसा की।

इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत रेक्टर फादर फ्लोरेंस कुजूर ने किया और विभिन्न संस्थाओं की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुशमलता, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीमती तमन्ना प्रवीण, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अनाथ बच्चों के मामले पर डालसा सचिव ने पारा लीगल वालंटियर को घटनास्थल पर जाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई प्रखंड अंतर्गत नागफेनी घाघरा का अनाथ बच्चों का समाचार अखबार में छपने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता को मामले पर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। जिसके आलोक में सचिव ने पारा लीगल वालंटियर नवीना साहू को घटनास्थल पर जाने और सूचना देने के लिए कहा। इस पर नवीन साहू सिसई प्रखंड के ग्राम घाघरा पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात की उन्होंने बताया कि पिता मंगलेश्वर खड़िया की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी दूसरे के साथ कहीं चली गयी और उसके बच्चे नितेश खड़िया 14 वर्ष एवं मोनिका कुमारी 12




वर्ष दोनों अनाथ हो गये जिसका लालन-पालन दादी कालो देवी करती है। दोनों बच्चे पढ़ाई लिखाई करते हैं । दादी अपने पास रखकर ही बच्चों का पढ़ाई लिखायी करना चाहती है। परिवार को सरकारी लाभ में आवास मिला है, वृद्धा पेंशन मिलता है, तथा राशन कार्ड भी बना है।सचिव महोदय ने कहा की दोनों बच्चों को स्पॉन्सरशिप से जोड़ा जायेगा ताकि बच्चों का पढ़ाई ढ़ंग से चल सके। बच्ची मोनिका कुमारी अभी चौथी कक्षा में है पांचवी पास करने के बाद उसे कस्तूरबा विद्यालय में भेजने का प्रयास किया जायेगा ताकि आगे उसकी पढ़ाई अच्छी तरह से हो सके। सचिव महोदय ने कहा विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से जो भी विधिक सहायता की आवश्यकता होगी दिया जायेगा और सरकारी लाभ जिसका वह हकदार है वह भी उसे मिलेगा।

# गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त एवं अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के तीन कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी है तथा आगे भी जांचोपरांत संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

निदेशक डीआडीए विद्या भूषण द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप विकास आयुक्त, गुमला के प्रतिवेदन के आधार पर एकलाखु रहमान वारसी, सहायक अभियंता (संविदा आधारित), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला, जो वर्तमान में जिला परिषद, गुमला में पदस्थापित थे, को संवेदक से अवैध राशि की मांग एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से उनकी प्रतिनियुक्ति से मुक्त कर दिया गया है। इसी प्रकार प्रमोद कुमार, प्रधान लिपिक, जिला पंचायत शाखा, गुमला, जो वर्तमान में जिला परिषद, गुमला में प्रतिनियुक्त थे, को संवेदकों से अवैध राशि की मांग, असंसदीय भाषा के प्रयोग एवं भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विशुनपुर अंचल कार्यालय निर्धारित किया गया है तथा झारखंड सेवा संहिता के नियम 96 के तहत उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ता प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त, एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के आधार पर लक्ष्मण खलखो, लेखा लिपिक, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्य में लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता के कारण उनके निलंबन की अनुशंसा की गयी है। प्रकाशित रिपोर्ट में बिशुनपुर प्रखंड के लिए ऑफलाइन टेंडर निकाले जाने और रद्द किये जाने का मामला उजागर किया गया था, जिसमें संवेदकों को टेंडर पत्र नहीं बेचा गया, जबकि वे कार्यालय के चक्कर लगाते रहे। जिसके आधार पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है।इसके अलावा, यदि जांच में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के कार्यपालक अभियंता की संलिप्तता पायी जाती है, तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी। उक्त के आलोक में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि, जांच प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात दोषी पाये गये सभी कर्मियों के विरुद्ध आगे की कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

# बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिला गुमला चैंबर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 12 फरवरी बुधवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की। सर्वप्रथम चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों की सूची विभाग को सौंप गयी। इसके उपरांत गुमला शहर में बिजली से संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई विशेष रूप से अध्यक्ष ने बिजली का मीटर रीडिंग सही समय पर कराने और कई मुहल्लों में बिजली की तार जर्जर हो चुकी उसे बदलने एवं आवश्यकता अनुसार नई बिजली के खंभे लगाने की तरफ ध्यान आकर्षित कराया। कार्यपालक अभियंता की तरफ से सकारात्मक रवैया दिखाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन मिला। किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्होंने सीधा संपर्क करने की बात कही। मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, पूर्व पार्षद रेहान अहमद आदि उपस्थित थे।।

# कल से साहित्य के रंग में रंगेगा गुमला

- त्रिदिवसीय साहित्य उत्सव के दौरान बिरसा मुंडा पार्क में होगी फ्री एंट्री
- पहला दिन नीलोत्पल मृणाल के कार्यक्रम से आरम्भ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला साहित्य उत्सव अंतर्गत 15 फरवरी को बिरसा मुंडा पार्क में शाम 04 बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा। कार्यक्रम के पहले दिन अपराह्न चार बजे कुड़ुख साहित्य के बदलते स्वरूप पर डाक्टर नारायण भगत और प्रेमचंद उरांव की परिचर्चा होगी एवं उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के लेखक, कवि, सोशल मीडिया के रचनाकार तथा सामाजिक कार्यकर्ता नीलोत्पल मृणाल का कार्यक्रम होगा। नीलोत्पल मृणाल डार्क हॉर्स और औघड़ नामक प्रसिद्ध उपन्यास लिख चुके हैं तथा सोशल मीडिया पर उनकी कविताएं काफी प्रसिद्ध हैं। देश में युवाओं को मिलने वाला सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान 'साहित्य अकादमी युवा अवार्ड' से सम्मानित नीलोत्पल मृणाल बिहार झारखंड से संबंध रखते हैं तथा साहित्य समाज सेवा के लिए इन्हें बिहार गौरव अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

साहित्य उत्सव में राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न प्रकाशकों द्वारा पुस्तक मेला भी लगाया जा रहा है जहां हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के साथ नागपुरी, कुड़ुख आदि जनजातीय साहित्य की किताबों की प्रदर्शनी लगेगी तथा ये बिक्री के लिए भी उपलब्ध होंगी ।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाया जायेगा तथा पार्क में फ्री एंट्री होगी।

## आयोजन को लेकर केओ कॉलेज ने निकाली जागरूकता रैली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में द्वितीय गुमला साहित्य उत्सव - 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह साहित्यिक उत्सव प्रत्येक दिन प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जो जिलेवासियों के लिए एक बेहतरीन अवसर होगा।



इस उत्सव की सफलता और अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए आज, 13 फरवरी 2025 को कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली का उद्देश्य लोगों को साहित्य उत्सव के बारे में जानकारी देना और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना था। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर बिरसा मुंडा एग्रो पार्क तक गई। विद्यार्थियों द्वारा जिलेवासियों से अपील की गयी कि वे इस साहित्य उत्सव का हिस्सा बनें और संस्कृति तथा साहित्य से जुड़े।

# भाजपा की बूथ स्तरीय संगठनात्मक बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बिंदेश होटल के कांफ्रेंस हॉल में भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल की उपस्थिति में बूथ स्तरीय संगठनात्मक एवं सक्रिय सदस्य सत्यापन संगठनात्मक चुनाव के निमित आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला चुनाव प्रभारी सबिंदर सिंह गुमला जिला सदस्यता प्रभारी सागर उरांव जिला सदस्यता उप समिति के सदस्य मंगल सिंह भोगता, विशुनपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी भिखारी भगत, जिला महामंत्री रामावतार भगत पूर्व जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी जिला सोशल मीडिया रोमा कुमारी नंद संतोष कुमार सिंह, गायत्री देवी, लक्ष्मी बड़ाइक आदि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# कटे-फटे नोट बदलने के लिए शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के मुख्य गेट के समीप कटे-फटे नोट बदलने को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के कई महिला पुरुष कटे-फटे नोट पैसा की जमा पूंजी को लेकर उक्त शिविर में पहुंचे। जहां कटे फटे नोट की बदली की गयी। वहीं कई नोटों को जांच स्केल नहीं होने के कारण नोट वापस नहीं लिया गया और बैंक में आवेदन के साथ जमा करने की बात कही। शिविर में उपस्थित बैंक आफ इंडिया लोहरदगा करेंसी चेस्ट के कर्मी एसएसपी होरो ने बताया कि कटे-फटे नोट होने के कारण लोग पैसे को साप्ताहिक हार्ट सहित अन्य जगहों पर 40 से 50 प्रतिशत के कटौती के साथ बदलते हैं। जहां आरबीआइ के निर्देशानुसार उक्त शिविर का आयोजन कर कटे फटे नोट की बदली की जा रही है। ताकि लोगों को नोट का लागत मूल्य पूरा मिल सके। जिससे लोग लाभान्वित हो सके। इस तरह का शिविर बैंक आफ इंडिया शाखा के माध्यम से कई जगहों पर लगायी जाती है। जिस निमित्त उक्त शिविर का आयोजन किया गया है।

## स्पोर्ट्स



उत्तराखंड में महिला हॉकी टीम ने महाराष्ट्र को हरा कांस्य पदक जीता। झारखंड टीम की ओर से पहले क्वार्टर में मैच के 12 वे मिनट में प्रमोदनी लकड़ा ने फिल्ड गोल कर झारखंड की 1-0 से बढ़त दिलायी।

# 38वे नेशनल गेम्स में झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण, 06 रजत, 11 कांस्य समेत कुल 24 पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में झारखंड महिला हॉकी टीम अपने अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

झारखंड टीम की ओर से प्रमोदनी लकड़ा और अलबेला रानी टोप्पो ने एक एक गोल की

हरिद्वार में आयोजित हॉकी मैच में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2 - 1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त की।




झारखंड टीम की ओर से पहले क्वार्टर में मैच के 12 वे मिनट में प्रमोदनी लकड़ा ने फिल्ड गोल कर झारखंड की 1-0 से बढ़त दिलाई तत्पश्चात दूसरे क्वार्टर सुरू होते ही मैच के 17 वे मिनट में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर झारखंड के बढ़त को 2-0 कर दी, मध्यांतर के बाद महाराष्ट्र की टीम ने 39 वे मिनट में एक गोल कर वापसी करने का प्रयास किया, परंतु झारखंड के खिलाड़ियों ने उन्हें और कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार,खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

# सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी के लिए झारखंड टीम की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**करनाल।** हरियाणा में 15 से 18 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली 71वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम की घोषणा कर दी गयी। टीम का चयन विगत महीने डाल्टनगंज, पलामू में संपन्न 17वीं सीनियर झारखण्ड राज्य महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। टीम का कप्तान राष्ट्रीय महिला कबड्डी खिलाड़ी रेशम तारा को बनाया गया है, जबकि टीम का प्रशिक्षक उपेंद्र कुमार एवं प्रबंधक निधि उपाध्याय को बनाया गया है। उक्त की जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए दी। टीम के चयनित खिलाडियों को शुभकामना देने वालों में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के मानद चेयरमैन बिपिन कुमार सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, मदन मोहन पांडेय, तेजनारायण, महासचिव मुकेश सिंह, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन जगदीश कुमार आदि शामिल है।

## 22 को लगेगी विशेष लोक अदालत



**गमला (आजाद सिपाही)।** आगामी 22 फरवरी 2025 को होने वाले विशेष लोक अदालत एवं आठ मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा अधिवक्ताओं न्यायिक पदाधिकारीयों एवं अन्य स्टैकहोल्डर के साथ लगातार बैठक कर पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया जा रहा है ताकि आगामी विशेष शलोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में भारी से भारी संख्या में मामलों का निष्पादन हो सके ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसी क्रम में प्रधान जिला जज नें न्यायिक पदाधिकारी अधिवक्ता गण मध्यस्तों एवं अन्य स्टेक होल्डर के साथ एक बैठक की और उन्होंने 22 फरवरी को होने वाले विशेष लोक अदालत जिसमें शादी विवाह के मामले एवं चेक बाउंस के मामले को विशेष रूप से निष्पादन किया जायेगा जिसके लिए यह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

# उप डाकपाल को सीबीआइ ने 30 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

## पद्दोनत्ति के बदले कर्मचारी से घर पर रुपये लेते समय ही दबोचे गये

आजाद सिपाही संवाददाता



पोस्टमास्टर प्रभात रंजन।

**धनबाद।** बीसीसीएल टाउनशिप कोयला नगर पोस्ट ऑफिस के 1 को केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम ने 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गुरुवार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि वह ट्रांसफर पोस्टिंग का बड़ा खिलाड़ी है। उनकी पहुंच हेड पोस्ट ऑफिस से लेकर सर्किल तक है। सूत्रों की मानें तो वह बीएमएस का सर्किल सेक्रेटरी भी है। जानकारी के मुताबिक अमन कुमार नामक कर्मचारी से पदोन्नति के बदले 30 हजार रुपये मांगे थे। इसकी भनक सीबीआइ को लग गयी। जिसके बाद जाल बिछाया और जैसे ही अमन 30 हजार की रकम देने प्रभात रंजन के कोयला नगर स्थित आवास पहुंचा, सीबीआइ ने उसे दबोच लिया। सीबीआई की जांच टीम ने प्रभात के घर से कई कागजात भी खंगाले है। अनुमान लगाया जा रहा कि प्रभात रंजन कई दिनों से ट्रांसफर पोस्टिंग के खेल को अंजाम दे रहा था। फिलहाल सीबीआई की टीम उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, प्रभात रंजन की गिरफ्तारी के बाद से धनबाद से लेकर रांची और पटना तक हड़कंप मचा हुआ है।

# उत्खनन कार्य के लिए किसानों-रैयतों से ली गयी जमीन की उचित मुआवजा के साथ करेंगे पुनर्स्थापना : जी किशन रेड्डी

**बीएमएस का 19वें त्रैमासिक अधिवेशन का दूसरा दिन, केंद्रीय कोयला खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने की भारतीय मजदूर संघ की प्रशंसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (बीएमएस) के 19वें त्रैवार्षिक पर अधिवेशन के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय कोयला खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने भारतीय मजदूर संघ की प्रशंसा की। उन्होंने कोयला जगत में कार्यरत विभागीय एवं ठेका मजदूर के लिए संगठन की ओर से पूर्व में सौंपी गई मांग पत्र के अनुरूप कुछ प्रमुख घोषणाएं की। इसमें सभी मजदूरों (विभागीय और आउटसोर्सिंग) के लिए बीमा लागू, सीएमपीएफ में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच कराते हुए पैसों की रिकवरी, मजदूरों को यूनिफॉर्म देकर कार्यस्थल पर ड्रेस कोड लागू करवाने, मजदूरों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाते हुए वैधानिक पदों को भरने, किसानों-रैयतों की ली गई जमीन उत्खनन कार्य के लिए उचित मुआवजा के साथ पुनर्स्थापना, मजदूरों के बच्चों के उच्च शिक्षा की व्यवस्था, चिकित्सा एवं रेफरल केस में सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों के दायरा बढ़ाते हुए देश के और भी प्रतिष्ठित अस्पतालों को कोल इंडिया की इंपैनल सूची में शामिल करने की मंजूरी आदि शामिल है। मंत्री ने कहा कि बीएमएस एक आंख से मजदूरों के हितों, तो दूसरी आंख से राष्ट्र की निरंतर प्रगति को ध्यान में रख आंदोलन करते हैं। यही खूबी बीएमएस को अन्य मजदूर संगठनों से अलग पहचान दिलाती है। उक्त अधिवेशन (नागपुर) में डीके सीएस से प्रमुख लोगों ने भाग लिया। जिसमें मुरारी तांती अध्यक्ष, अयोध्या मिश्रा उपाध्यक्ष, एबीकेएमएस उमेश कुमार सिंह महामंत्री, राघवेंद्र पांडेय कोषाध्यक्ष, केकेसिंह संगठन मंत्री, ओम सिंह, सुशील सिंह सहित 100 कार्यकर्ता शामिल थे।

## पुराना बाजार चेंबर की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टेंपल रोड, पुराना बाजार स्थित अग्रसेन भवन धर्मशाला में गुरुवार को पुराना बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स की अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सोहराब खान और संचालन महासचिव पवन सोनी ने किया। बैठक में सत्र 2025-26 के कार्यकारणी की घोषणा की गई। बताते चले कि पुराना बाजार चेंबर की आम सभा विगत 23 जनवरी को हुई थी, जिसमें बड़ी संख्या में पुराना बाजार के दुकानदारों ने भाग लिया था। पुराना बाजार चेंबर के प्रथम अध्यक्ष के रूप में सोहराब खान, महासचिव पवन सोनी और कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार का चयन निर्विरोध किया गया था। 21 सदस्यीय संरक्षक मंडली, एक वरीय उपाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, छह सचिव, एक प्रवक्ता सहित अन्य 12 कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। संरक्षक मंडली में चेंबर के संस्थापक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ व्यवसाययों का चयन किया गया है जिसमें भिखू राम अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय. उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता विजय कुमार सैन, सचिव रोहित सरावगी, सह कोषाध्यक्ष दीपक झा, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, सीए राहुल, विभाग प्रभारी राजेश गुप्ता आदि शामिल हैं। पुराना बाजार चेंबर के अध्यक्ष सोहराब खान व महासचिव पवन सोनी ने बताया कि कार्यकारणी टीम में पुराना बाजार के हर क्षेत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया गया है, ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके। बताया कि चेंबर के प्रवक्ता, लीगल एडवाइजर और चार्टर्ड अकाउंटेंट पद की नियुक्ति पुराना बाजार चेंबरको पारदर्शी और अपडेट करने का काम करेंगे। सब का सम्मान और समस्याओं का समाधान हमारा मूल्यमंत्र है। बैठक में रामभगत अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, नवनीत रिटोलिया, इमरान अली, विजय सैनी, संजय पांडेय, अमरजीत सिंह, दीपक झा, सलाउद्दीन महाजन, नितिन अग्रवाल, दीपक सिंह, सरदार नारायण सिंह, रोहित सरावगी, आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास




**झरिया (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय इंड्रस्टी परिसर में गुरुवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण धनबाद भवन निर्माण विभाग की ओर से नौ लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। रागिनी सिंह ने कहा कि शौचालय नहीं होने के कारण मध्य विद्यालय इंड्रस्टी की छात्राओं को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों ने इस समस्या से अवगत कराया। जिसे गंभीरता से लेते हुए विद्यालय में शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शौचालय का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। क्योंकि यह विद्यार्थियों की भविष्य का सवाल है। शौचालय बन जाने से यहां के छात्राओं को काफी सुविधा होगी। मौके पर प्राचार्य अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण राय, संतोष शर्मा, मनोज गोप, पप्पू पासवान, बप्पी बाउरी, शमीर्ला देवी, अनीता देवी आदि मौजूद थे।

## बेरमो में काका का अनुभव अधिक ऊजार्वान : मनोज कुमार अग्रवाल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एचएमकेयु अध्यक्ष सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने बीसीसीएल के नये निदेशक (पीपी) मनोज अग्रवाल से धनबाद स्थित कोयला भवन में जाकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों में बीसीसीएल के विस्थापितों के संबंध में चर्चा हुई। मनोज अग्रवाल ने कहा कि कोल इंडिया में कार्य करना गौरव की बात है। क्योंकि विभिन्न परिस्थितियों में भी कोयलाकर्मी लगातार कोयला उत्पादन करते हैं।**

## महुदा में शब-ए-बारात पर पढ़ी गयी मस्जिदों में नमाज व कब्रिस्तानों में दुआएं

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा में शब-ए-बारात गुरुवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समाज ने देर शाम मस्जिदों में जाकर इबादत की और रातभर जागकर अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी। शब-ए-बारात का महत्व सिर्फ नमाज और दुआ तक सीमित नहीं है, बल्कि इस दिन को अपने पूर्वजों की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ने और उनके लिए मगफि रत की दुआ करने का भी विशेष अवसर माना जाता है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने इलाकों के कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। इस अवसर पर बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी की। इस्लाम धर्म के जानकारों के अनुसार, शब-ए-बारात की रात अल्लाह की रहमत बरसती है। इस दौरान मुसलमान कुरान की तिलावत करते हुए अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात मुर्दों के लिए मगफिरत (माफी) की रात भी मानी जाती है।

## सड़क पर खड़ी वैन में लगी आग, मची अफरा-तफरी



**झरिया (आजाद सिपाही)।** चौथाई कुल्ही स्थित थाना मोड के समीप गुरुवार को खड़ी वैन में अचानक आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफना तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना झरिया थाना को दी। खबर पाते ही झरिया थाना प्रभारी ने इसकी सूचना अग्नि शमन दस्ते को दी। कुछ देर बाद ही अग्निशमन दस्ता और झरिया पुलिस मौके पर पहुंच गयी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तबतक गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। इस बाबत गाड़ी के चालक विजय साव ने बताया कि वह सुबह आठ बजे डिनोबिली स्कूल बच्चे को छोड़ने गया था। वहां से झरिया चौथाई कुल्ही के समीप चक्का में काम कराने के लिए गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा कर घर चला गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने गाड़ी में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचा तो गाड़ी जलकर पूरी तरह खाक हो गई थी। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुड़ गई है। वहीं स्थानीय शौकत अंसारी की मानें तो गाड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे बड़ी घटना घट सकती थी क्योंकि सुबह के वक्त स्कूल का समय था, लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों की ततपरता से बड़ी घटना टल गई।

## शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**महुआटांड़ (आजाद सिपाही)।** ललपनिया थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें शिवरात्रि पूजा शांति पूर्वक आयोजित करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना के पदाधिकारी सतेंद्र राम ने की। थाना परिसर में स्थित मंदिर में शिवरात्रि पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है। इस दौरान क्षेत्र के शिव मंदिर से हजारों श्रद्धालु बारात लेकर थाना परिसर में स्थित मंदिर में पहुंचते हैं। उनका थाना परिवार एवं स्थानीय कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया जाता है। इस दौरान मनमोहक झांकियां भी निकली जाती है। सर्वसम्मति से इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर कमेटी भी गठित की गयी। इस मौके पर पूर्व-मुखिया बबुली सोरेन, सेंट मैथ्यू विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, संध्या देवी, मीनू देवी, प्रदीप साव, राहुल जैन, वरुण कुमार, नवीन कुमार महतो, पुजारी उरांव, राधे, अजित मरांडी, नौशाद आदि मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा रैली व जागरूकता सत्र का आयोजन

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील झरिया शाखा की ओर से 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (15 जनवरी-14 फरवरी) के तहत गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली और सत्र का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ टाटा स्टील के झरिया शाखा के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने झंडी दिखाकर किया। जो जनरल मैनेजर कार्यालय से शुरू होकर टाटा स्टील फाउंडेशन कार्यालय में समाप्त हुई। इसमें टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग और टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी, टाटा स्टील के कर्मचारी और मदर टेरेसा स्कूल के छात्र शामिल थे। इसके बाद रॉयल हाई स्कूल में एक सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 60 छात्रों ने महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा नियमों और दिशानिर्देशों के बारे में सीखा, जिसमें हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित पैदल चलने का अभ्यास, स्कूल बसों और ववैन में सुरक्षित रूप से चढ़ना आदि शामिल है। इस मौके पर आलोक सिन्हा (सीनियर मैनेजर, लॉजिस्टिक्स), तनमय खनरा (मैनेजर, सेफ्टी) और अभिजीत कुमार (असिस्टेंट मैनेजर, माइनिंग) ने छात्रों के साथ बातचीत की।

## धनबाद में पहली बार हुआ फेफड़े की गंभीर बीमारी का इलाज

# अत्यधिक प्रदूषित शहर में फेफड़े के स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है : डॉ बंदिका पृथ्वीराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एशियन अस्पताल धनबाद सेंटर के अनुभवी व विशेषज्ञ पल्मनोलॉजिस्ट डॉ बंदिका पृथ्वीराज ने पिछले दो साल के फेफड़ों में पानी आने की गंभीर बीमारी से ग्रस्त 60 वर्षीय मरीज का नवीनतम तकनीक से सफलता पूर्वक इलाज कर पूरी तरह से स्वस्थ कर दिया। फेफड़े की इस गंभीर समस्या से ग्रसित मरीज ने कई शहरों के अस्पतालों में जांच करवाया, लेकिन पूरी तरह स्वस्थ नहीं सका। क्योंकि फेफड़ों में पानी जमने के कारणों का पता नहीं चल पा रहा था। पर मरीज की इस गंभीर बीमारी को चुनौती पूर्ण स्वीकार करते हुए डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज ने फेफड़ों से पानी का पता लगाने के लिए एडवांस मिनिमम इनवेसिव मेडिकल थ्रोकोस्कोपी किया। इस प्रक्रिया से फेफड़ों के साइड से अंदर जाकर डायग्नोज किया गया और पानी के सोर्स का पता लगाया गया। इसके रिपोर्ट पर आधारित समस्या फेफड़े का यह सफल इलाज धनबाद में पहली बार डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज द्वारा किया गया। डॉ बंदीका पृथ्वीराज ने बताया कि फेफड़ों में पानी आने के सैकड़ो कारण होते हैं। धनबाद शहर दूसरे शहरों की तुलना में आंकड़ों के अनुसार एक बहुत ही प्रदूषित शहर है। इसलिए छाती एवं फेफड़े की बीमारियों से सावधान एवं सतर्क रहना आवश्यक है। छोटी सी खांसी को भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए। इस समस्या को अच्छे डॉक्टर से दिखाना चाहिए। छाती की बीमारियों जैसे खांसी, श्वास लेने में दिक्कत, खांसी के वक्त खून गिरना, वजन घटना छाती की बीमारियों के लक्षण होता है। ऐसे में मरीज को तुरंत स्पेशलिस्ट पालमोलॉजिस्ट डॉक्टर से दिखाना चाहिए और पूर्ण रूप से जांच करवाना चाहिए। सिगरेट सेवन से परहेज, धूलकण वाले क्षेत्र में मास्क पहनना, बैलेंस डाइट लेना और नियमित रूप से योगा एक्सरसाइज बहुत ही आवश्यक है। डॉ बंदिका पृथ्वीराज ने कहा कि अत्यधित प्रदूषित शहरों में प्रदूषण के कारण फेफड़े के स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है। बताया कि बरटांड़ स्थित एशियन अस्पताल धनबाद सेंटर में रेस्पिरेटरी और पल्मोनोलॉजी की पूरी चिकित्सा, स्पेशल रेस्पिरेटरी आईसीयू सपोर्ट और अब डॉक्टरों बंदिका पृथ्वीराज एवं डॉक्टर दिनेश एचओडी क्रिटिकल केयर के नेतृत्व में अनुभवी एवं विशेषज्ञ टीम से इलाज और निदान उपलब्ध है। अब बड़े शहरों के अस्पतालों में अधिक खर्च कर इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। इस मौके पर एशियन अस्पताल के सेंटर हेड सी राजन एवं पदाधिकारी मो ताजुद्दीन उपस्थित थे।


**समाहरणालय, लोहरदगा**
**(पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**Email** id-lohardagadso@gmail.com

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि उप निदेशक पर्यटन, निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक –128/रॉची दिनांक– 31.01.2025 के निदेशानुसार पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े निम्न Category व्यवसायी को Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना अनिवार्य है:–

1- Accommodation Units.
2- Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO).
3- Boat Operator.
4- Entertainment Related unit.
5- Tour Operator/Travel Agent/Tourist Transport Operator.
6- Tourist Guide.
7- Professinonal Tourist Photographers

अतः लोहरदगा जिला अंतर्गत वैसे व्यक्ति जो पर्यटन के क्षेत्र में अपना रोजगार या करोबार कर रहे हैं या करना चाहते हैं वे Jharkhand Tourist Trade Registration Portal में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकरी हेतु लोहरदगा जिला के वेबसाइट dio.lhr@nic.in पर या जिला खेल कार्यालय लोहरदगा का **Email ID:** lohardagadso@gmail.com से सम्पर्क की जा सकती है।

जिला खेल पदाधिकारी–सह–
पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लोहरदगा

PR.NO.346441 Lohardaga(24-25):D



**समाहरणालय, लातेहार**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**-: आम सूचना :-**

लतेहार जिला अन्तर्गत अंचल–लातेहार, अंचल–चन्दवा एवं अंचल–बालूमाथ में परियोजना–राजबार ई0एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु भूमि अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें एस0आई0ए0 (सामाजिक समाघात निर्धारण) करने के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram, Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक–07.06.2024 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है एवं S.I.A. की अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। भू–अर्जन अधिनियम 2013 के धारा–5 एवं नियम–11 के तहत् जनसुनवाई किया जाना आवश्यक है। उक्त संबंध में हितबद्ध रैयतों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि/स्थान एवं समय पर जनसुनवाई हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। मौजावार तिथि की विवरणी निम्नवतहै–

मौजावार तिथि की विवरणी

| क्र0 सं0 | तिथि | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना सं0 | रकबा (एकड़ में) | आम सभा स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24.02.2025 | बालूमाथ | लेजांग | 191 | 7.73 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लेजांग | 11.00 बजे पूर्वाहन |
| 2. | 04.03.2025 | | राजबार | 195 | 399.38 | पंचायत भवन, राजबार | 11.00 बजे पूर्वाहन |
| 3. | 06.03.2025 | चन्दवा | सेरक | 246 | 1.02 | पंचायतभवन, सेरक | 11.00 बजे पूर्वाहन |
| 4. | 08.03.2025 | | डडेया | 247 | 280.58 | राजकीय मध्य विद्यालय, डडैया (बगल में) | 11.00 बजे पूर्वाहन |
| 5. | 10.03.2025 | | रेंची | 248 | 436.09 | जतराटांड, रेंची | 11.00 बजे पूर्वाहन |
| 6. | 12.03.2025 | लातेहार | जडयांग | 351 | 212.67 | मध्य विद्यालय, जड़यांग (बगल में) | 11.00 बजे पूर्वाहन |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 346362 Land Reforms (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

71वीं औपबंधिक सूची, जिला :– चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | केस सं0/वाद सं0 | झा0 आं0 के सेनानी पुस्तिका में नाम | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक :– 241<br>2. आवेदक–मंजुर कादीर<br>3. पिता–स्व0 जहुर हुसैन<br>4. ग्राम–पनसलवा रोड, झारखण्ड मैदान पोस्ट–चतरा<br>5. थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–65 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित अखबार कतरन एवं पार्टी कागजात में नाम के आधार पर। | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक :– 168<br>2. आवेदक–अनवर हुसैन<br>3. पिता–नूर मोहम्मद<br>4. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–पत्थलगड्डा<br>5. थाना– पत्थलगड्डा प्रखण्ड– पत्थलगड्डा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी कागजात में नाम के आधार पर। | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक :– 01/25<br>2. आवेदक–मो0 एकबाल हुसैन<br>3. पिता–अब्दुल जब्बार<br>4. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–पत्थलगड्डा<br>5. थाना– पत्थलगड्डा प्रखण्ड– पत्थलगड्डा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी कागजात में नाम के आधार पर। | 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक :– 02/25<br>2. आवेदक–मो0 हलिम<br>3. पिता–स्व0 रमजानी मियाँ<br>4. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–पत्थलगड्डा<br>5. थाना–पत्थलगड्डा प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–72 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी कागजात में नाम के आधार पर। | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक :– 03/25<br>2. आवेदक–किशोरी राम<br>3. पिता–स्व0 धनेश्वर राम<br>4. ग्राम–सिंघानी, पोस्ट–पत्थलगड्डा<br>5. थाना–पत्थलगड्डा प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें गाल पर तिल। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी कागजात में नाम के आधार पर। | 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक :– 04/25<br>2. आवेदक–अब्दुलाह अंसारी<br>3. पिता–स्व0 अब्दुल रहीम<br>4. ग्राम–खाप, पोस्ट–हफुआ<br>5. थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–दायें हाथ में टिका का निशान। | नहीं। | नहीं | कारण :– वर्ष 2000 से पूर्व का झारखण्ड अलग राज्य से संबंधित पार्टी कागजात एवं अखबार कतरन में नाम के आधार पर। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 346368 Home(24-25)#D

## सप्तदश विधानसभा का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत 'जय जगन्नाथ' कहकर की

# हमारा ओड़िशा खनिज संसाधनों से समृद्ध है : कंभमपति हरि बाबू

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** सप्तदश विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार से शुरू हुआ। विधानसभा सदन में राज्यपाल डॉ हरिबाबू कंभमपाटी ने अपने भाषण की शुरूआत जय जगन्नाथ कहकर की। राज्यपाल ने सदन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गत मनमोहन सिंह समेत राज्य के दिवंगत विधायकों और मंत्रियों को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले विधानसभा परिसर में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारा ओड़िशा खनिज संसाधनों से समृद्ध है। ओड़िशा अपनी विरासत और कीर्तिराजी के लिए जाना जाता है। गरीब, युवा, अंनदाता, महिला शक्ति हमारी सरकार का मूल मंत्र है। मेरी सरकार ने चावल की कीमत 800 रुपये बढ़ा दी है। दुग्ध किसानों के लिए कामधेनु योजना शुरू की गयी है। 46 लाख महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। 2027 तक 25 लाख लखपति दीदी तैयार की जायेंगी, 2024-25 में करीब 10 लाख महिलाओं को इसके लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रधानमंत्री इ-बस सेवा योजना के तहत 400 इ-बसें चलेंगी। 5 साल में भरी जायेंगी 1.5 लाख सरकारी नौकरियां। पहले दो साल में 65 हजार पद भरे जायेंग। टेक्सटाइल सेक्टर में दो साल में 50,000 नौकरियां पैदा होंगी। 2024-25 में 24 हजार से ज्यादा पद भरे गये हैं। उत्कर्ष ओड़िशा कॉन्क्लेव में 12.89 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। हमारे खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल किया है। हम पीएम आवास योजना में आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2026 तक पाइप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। 115 शहरों में 24 घंटे पीने का पानी उपलब्ध कराया जायेगा। 24 घंटे बिजली सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध। ओड़िशा अस्मिता को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। ओड़िशा में डीजीपी सम्मेलन, उत्कर्ष ओड़िशा, प्रवासी भारतीय दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विजन 2036 के लिए 3 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। मेरी सरकार नयी शिक्षा नीति लागू की है। 2047 तक विकसित भारत में ओडिशा एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। श्रीजगन्नाथ का रत्न भंडार खुल गया है। सुभद्रा योजना से 1 करोड़ महिलाओं को फायदा हुआ है।

# बोकारो में भाजपा जिला कमेटी की बैठक



- वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने की अध्यक्षता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में नेतृत्व में बोकारो में जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। इसमें पार्टी के जिला प्रभारी चुनुकांत, समस्त जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष के चुनाव से संबंधित प्रक्रिया तथा प्रस्तावित उम्मीदवारों आदि पर गहन चिंतन किया गया।

बैठक में पार्टी को धरातल पर सुदृढ़ीकरण प्रदान करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गयी। इसके अलावा चुनाव पर्यवेक्षक, सह पर्यवेक्षक मनोनयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उपस्थित लोगों को दिशा-निर्देश दिये।

श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश स्तर पर चल रही इस कवायद से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष चुन्नूकांत समेत सभी पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय सह चुनाव अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष शामिल थे।

## भुवनेश्वर में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर में वर्ष 2025 में पहली बार तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के स्तर को छू गया और पारा और बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के क्षेत्रीय केंद्र ने अगले सात दिनों के लिए शुष्क मौसम की भविष्यवाणी की है। मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने अपने एक्स हैंडल पर बताया कि 2025 में पहली बार ओड़िशा की राजधानी में आज दोपहर 2.30 बजे पारा 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच, आइएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान (रात का तापमान) धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है और ओडिशा के जिलों में अगले 3 दिनों तक कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसी प्रकार, 16 फरवरी की सुबह 8.30 बजे से 20 फरवरी की सुबह 8.30 बजे के बीच ओड़िशा के जिलों में शुष्क मौसम रहने की संभावना है।**

# तालचेर और फुलबाणी मेडिकल कॉलेजों को जल्द से जल्द चालू करना राज्य सरकार की प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार तालचेर में पवित्र मोहन प्रधान मेडिकल कॉलेज और फुलबाणी सरकारी मेडिकल कॉलेज को जल्द से जल्द चालू करने को प्राथमिकता दे रही है। इन दोनों अस्पतालों के संचालन से राज्य में चिकित्सा सेवाओं में काफी सुधार होगा और राज्य के लोगों को लाभ होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त एवं प्रशासनिक सचिव अश्वती एस ने एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की और इन दोनों संस्थानों की विभिन्न जरूरतों को तुरंत पूरा करने के लिए सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के भवन से लेकर उपकरण तक सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया। सरकार का मकसद इन दोनों संस्थानों को जल्द से जल्द जनता को सौंपना है। अंगुल और कंधमाल जिलों के कलेक्टर और संबंधित विभागीय अधिकारियों को साप्ताहिक बैठके आयोजित करने और मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया गया है।

सरकार इन दोनों मेडिकल कॉलेजों को जल्द से जल्द चालू कर राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में सुधार और जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ओएसएमसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ पोमा टुडू, अंगुल जिलापाल अब्दल एम अख्तर, कंधमाल की जिलापाल अमृत ऋतुराज, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ विजय महापात्र, चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशक डॉ संतोष मिश्र, विभागीय अतिरिक्त शासन सचिव डॉ उषाराणी साहू, पवित्र मोहन प्रधान मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ कीर्तिरेखा महापात्र, अध्यक्ष, फुलबाणी सरकारी मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ देब प्रसाद महांति, दोनों जिलों के सीडीएमओ और अधीक्षण अभियंताओं ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

# ओड़िशा से प्रयागराज जा रही बस बिहार-यूपी सीमा पर दुर्घटनाग्रस्त, 35 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा से प्रयागराज जा रही एक बस कथित तौर पर बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें कम से कम 35 ओड़िया तीर्थयात्री रात घायल हो गये। बालासोर जिले के भोगराई ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों से 70 से अधिक लोग कथित तौर पर महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हालांकि, उनकी दुर्भाग्यपूर्ण बस ने रात करीब 12.50 बजे रेत से लदे एक डंपर ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 35 लोग घायल हो गये, जिनमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। हालांकि, बस का ड्राइवर श्रीराम मौके से भाग गया। बस और यात्रियों को वहीं फंसा छोड़ गया। हालांकि दुर्घटना का वास्तविक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन कहा जा रहा है कि बस चलाते समय श्रीराम को नींद आ गयी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। कुछ स्थानीय लोगों ने घायल यात्रियों को बचाया और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल के आइसीयू विभाग में भर्ती कराया गया है। इस बीच, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चालक की तलाश के लिए तलाशी शुरू कर दी गयी है। जो दुर्घटना के तुरंत बाद फरार हो गया। इससे पहले 11 फरवरी को मध्य प्रदेश में एक ट्रक ने सात श्रद्धालुओं के वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी। यह हादसा महाकुंभ मेले में पवित्र स्नान करने के बाद आंध्र प्रदेश लौटते समय हुआ था। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत अन्य लोगों ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया था।

# वेदांता एल्युमीनियम ने खदान सुरक्षा बढ़ाने के लिए एआइ-संचालित ड्रोन का अनावरण किया

- यह तकनीक ब्लास्टिंग क्लीयरेंस जोन में अवरोधों के मामले में वास्तविक समय में अलर्ट प्रदान करती है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा में अपनी जामखानी कोयला खदान में ब्लास्टिंग क्लीयरेंस और डेंजर जोन की निगरानी के लिए अपना पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ)-संचालित ड्रोन-आधारित समाधान पेश किया है। परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में नवीन तकनीकों का लाभ उठाने के लिए वेदांता की स्पार्क पहल के साथ सहयोग करते हुए, यह परियोजना अपने खनन कार्यों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण छलांग है। अत्याधुनिक सॉफ़्टवेयर से लैस, एआइ-संचालित ड्रोन 500 मीटर के ब्लास्टिंग जोन के आसपास मनुष्यों, जानवरों और वाहनों की हरकतों को वास्तविक समय में हवाई दृश्य और स्वचालित रूप से कैप्चर करता है, जिससे अधिकारी दूर से ही संचालन की निगरानी कर सकते हैं और लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से किसी भी ऑन-ग्राउंड मूवमेंट के बारे में स्वचालित अलर्ट प्राप्त कर सकते हैं। यह अधिकारियों, ड्रोन पायलट और ब्लास्टिंग अधिकारी के बीच सहज ऑडियो संचार की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे सटीक समन्वय और परिचालन दक्षता सुनिश्चित होती है। यह खदान पूरी तरह से चालू है और दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टरों में से एक, वेदांता के झारसुगुड़ा संयंत्र की ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करती है। इस पहल के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ, सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, सुरक्षा एक प्रमुख प्राथमिकता है। हमारे खनन सुरक्षा प्रोटोकॉल में एआइ-संचालित ड्रोन का एकीकरण निगरानी और अनुपालन में सुधार करते हुए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेदांता एल्युमीनियम सुरक्षा, दक्षता और स्थिरता को बढ़ाने वाली उन्नत तकनीकों को तैनात करके खनन क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ाता रहता है। एआइ-संचालित ड्रोन समाधान कंपनी की अपने परिचालन में डिजिटल परिवर्तन को लागू करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। अमितेश सिन्हा, उपाध्यक्ष और प्रमुख-सीवीसी और स्पार्क, ने स्टार्टअप के साथ कॉर्पोरेट सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि वेदांत एल्युमीनियम की माइंस टीम और स्काईलार्क ड्रोन के साथ साझेदारी में इस ड्रोन परियोजना की तैनाती, अभिनव समाधानों के माध्यम से सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। स्पार्क कार्यक्रम प्रमुख परिचालन क्षेत्रों की पहचान करने, 70 से अधिक स्टार्टअप शुरू करने और 100 से अधिक परियोजनाओं को लागू करने के लिए वेदांत एल्युमीनियम टीम के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। वेदांत एल्युमीनियम शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्थायी आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और जमीनी स्तर के खेल और संस्कृति में रणनीतिक पहलों के माध्यम से ओडिशा में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 2024 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए **'भविष्य की धातु'** के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# पुणे में फर्जी सेना भर्ती रैकेट का खुलासा, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पुणे।** पुणे शहर पुलिस और दक्षिणी कमान सैन्य खुफिया ने एक संयुक्त अभियान में पुणे शहर में एक फर्जी सेना भर्ती रैकेट का भंडाफोड़ किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहित राम सिंह धामी के रूप में हुई है जो उत्तराखंड का रहने वाला है। उसे मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे पुणे रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी धुले निवासी 23 वर्षीय रविंद्र जनार्दन बिलाड़े की शिकायत के बाद हुई, जिन्होंने दावा किया था कि धामी ने उनसे और उनके दोस्त से 4.80 लाख रुपये की धोखा-धड़ी की है। यह घटना 31 मार्च 2024 को हुई, जब बिलाडे और उसका दोस्त सरकारी नौकरी की भर्ती परीक्षा के लिए पुणे में थे। बिलाडे की शिकायत के अनुसार, धामी ने खुद को दक्षिणी कमान अस्पताल का कर्मचारी बताया और वादा किया कि वह उनकी उम्र सीमा से अधिक होने के बावजूद सेना में उनका चयन सुनिश्चित करेगा। अगले कुछ दिनों में धामी ने उनके दस्तावेज और पैसे एकत्र कर लिए, बिलाडे ने 2.80 लाख रुपये और उनके दोस्त ने 2 लाख रुपये भेजे। यह घोटाला इन व्यक्तियों से आगे बढ़कर उत्तराखंड, पंजाब और महाराष्ट्र के आर्थिक रूप से वंचित उम्मीदवारों को निशाना बनाता था। कथित तौर पर धामी ने फर्जी भर्ती के लिए प्रत्येक उम्मीदवार से 2 लाख रुपये लिए। पुलिस को अनुमान है कि आरोपियों ने कम से कम 10-15 और उम्मीदवारों को ठगा है, पुलिस ने अपील की है कि पीड़ित आगे आये और अपनी शिकायतें सक्रिय रूप से दर्ज करें। पुणे स्थित दक्षिणी खुफिया कमान ने 11 फरवरी, 2024 को बुंद गार्डन पुलिस को फर्जी भर्ती रैकेट में धामी की संलिप्तता के बारे में सैन्य-विशिष्ट जानकारी प्रदान की थी। सत्यापन के बाद संयुक्त टीम ने मंगलवार को धामी को गिरफ्तार कर लिया। बंड गार्डन पुलिस ने मामले की आगे की जांच के लिए धामी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 319 (2) और 318 (4) के तहत आरोप दायर किए हैं, जिसमें छद्म नाम से धोखाधड़ी और बेइमानी से प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture

LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788



POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing


Schedule For 08th Feb., 2025 onwards!

at Screen-1 (Sujata)
Sanam Teri Kasam : 11.00, 1.45, 4.45, 7.30

at Screen-2 (Miniplex)
Badass Ravi Kumar : 10.15, 6.30
Sanam Teri Kasam : 12.45, 3.45

at Popkorn Cinemas
Badass Ravi Kumar : 11.45, 1.30, 2.30, 4.15, 5.15, 7.15
Sanam Teri Kasam : 10.45, 8.00

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.



JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योग्यताएँ अनिवार्य है :-
- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)



प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित

ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**